लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -98, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



www.amritvichar.com

आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 18 : 43

वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...- 15

कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

52 मिनट का रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। उन्होंने रामादेवी चौराहे के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका। करीब 6.38 बजे प्रधानमंत्री मोदी गुरुद्वारे से निकले और रोड शो के रथ पर सवार हो गए। भवनों की छतों पर खड़े लोगों ने मोदी-योगी के ऊपर फूलों की वर्षा की। पीएम और योगी ने कमल के निशान वाली एलईडी लाइट लेकर अभिवादन स्वीकार किया।

कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

- सीएम योगी आदित्यनाथ, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ

अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

अपहरण मामले में हिरासत में लिए गए रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

सेक्स वीडियो मामला

- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज किया गया था

राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने यह जानकारी दी। सेक्स वीडियो मामले में फंसे प्रज्ज्वल कर्नाटक में हासन से सांसद हैं।

'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी कर सकती है सीबीआई

प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े 'सेक्स स्कैंडल' की जांच कर रहे एसआईटी के अधिकारियों ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सूचित किया कि सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है। एसआईटी ने 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने को सीबीआई से अनुरोध किया है।

दुष्कर्म-हत्या में चार दोषियों को मौत की सजा

नई दिल्ली। हरियाणा के पंचकूला में सीबीआई की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई है।

10 अप्रैल को हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया था। यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है। अदालत ने दोषियों पर कुल 8.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपियों ने एक नाबालिग समेत दो महिलाओं से उनके घर पर सामूहिक दूष्कर्म किया था और उसके बाद गहने और नकदी लूटी थी। दो लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। राज्य सरकार के निर्देश पर सीबीआई ने घटना की जांच का जिम्मा संभाल लिया था। एजेंसी ने विस्तृत जांच के बाद 24 जनवरी 2018 और 29 जनवरी 2019 को दो आरोप पत्र दायर किए थे।

- हरियाणा के नूंह में 2016 में हुई थी सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की वारदात

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के काफिले पर आतंकी हमला, एक जवान शहीद

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य सैनिक घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना के काफिले पर यह हमला सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास शाम करीब 6.15 बजे तब हुआ जब सैनिक सनाई टॉप पर अपने अड्डे पर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी में पांच सैनिक घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन गंभीर रूप से घायल दो जवानों में से एक ने दम तोड़ दिया।

आतंकी हमले के बाद क्षेत्र में सघन तलाशी करता सुरक्षा बल।

- पुंछ जिले में सनाई टॉप के पास शाम के समय हुए हमले में चार जवान घायल, चल रहा इलाज

बुफलियाज में पिछले साल दिसंबर में भी हुआ था हमला

बुफलियाज में बीते साल 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 4 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। पुंछ में इसी साल 12 जनवरी को आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला किया था।

छात्रों को फिर पढ़ाएंगे रिटायर्ड शिक्षक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है।

जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर

राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए। -**डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

किसान आंदोलन ने बढ़ाई ट्रेनों की लेटलतीफी

अमृत विचार, लखनऊ : पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है। इसके चलते ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। ऐसे में लखनऊ आने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंच रही है और इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रेन नंबर 01431 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 17 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। ट्रेन में मौजूद यात्री खासे परेशान दिखे। इसी तरह से ट्रेन नंबर 12238 जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से आई।

- 17 घंटे की देरी से आ रही है ट्रेनें

एक नजर

अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

भुवनेश्वर। ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है।

एअर इंडिया विमान में रख सकते हैं 15 किग्रा सामान

नई दिल्ली। घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। इससे पहले घरेलू उड़ानों में यात्रियों को 25 किलोग्राम केबिन सामान बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले जाने की अनुमति थी।

मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।

- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

भुवनेश्वर। ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।

यूपीसीए के अध्यक्ष व इकाना स्टेडियम के मैनेजर को लोकायुक्त का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सीईओ अंकित चटर्जी, ट्रेजरार प्रेम मनोहर गुप्ता के साथ इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह को लोकायुक्त का नोटिस दिया गया है। लोकायुक्त ने यूपीसीए के पदाधिकारी और इकाना के मैनेजर गौरव सिंह से पांच साल में खुद ही आय के साथ पूरे परिवार की आय का पूरा ब्यौरा मांगा।

इकाना स्टेडियम में हुए वर्ल्ड कप मैच, आईपीएल मैच में वेंडर्स के चयन और उनको किए गए भुगतान की बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी का मामला बताया जा रहा है। पार्किंग, इंटरनेट, खानपान, सिक्योरिटी आदि कामों में बड़े पैमाने पर वसूली कर भ्रष्टाचार करने की शिकायत की गई है। इकाना स्टेडियम में हुए हर मैच में सभी काम एक ही वेंडर को देकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

लोकायुक्त से की गई शिकायत में वर्ल्ड कप के मैच में वेंडर्स के चयन की प्रक्रिया और उनको किए गए भुगतान की जांच की मांग की गई है। शिकायत की गई है कि इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह सहित सभी लोगों की आय से अधिक संपत्ति की जांच विजिलेंस से कराई जाए। लोकायुक्त ने यूपीसीए के अध्यक्ष इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह सहितत सभी चार लोगों को भेजा नोटिस भेजा। इन सभी लोगों से 29 मई तक जवाब देने कोकहा गया है।

- वर्ल्ड कप के मैच में टिकट की बिक्री, इकाना स्टेडियम में खानपान, पार्किंग के टेंडर को गड़बड़ी की शिकायत पर दिया गया नोटिस

शहर के 53 केंद्रों पर नीट की परीक्षा आज

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के 53 केंद्रों पर रविवार को नीट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले 35,200 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। परीक्षा दोपहर 2 से 5:20 बजे तक होगी। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सिटी कॉर्डिनेटर अवनी कमल ने बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 11 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दियाजाएगा

लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

एअर इंडिया ने केबिन में सामान रखने की क्षमता 15 किग्रा की

नई दिल्ली। घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं - कंफर्ट, कंफर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग मूल्य पर अलग सुविधाएं देते हैं। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है।

हेराफेरी | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

चोकर और राजमा के नाम करोड़ों रुपये का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है।

मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।

फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। चुनाव बाद जांच करेंगे और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक प्रशासन/विपणन, मुख्यालय मंडी परिषद

मंडी परिषद कई बार मांग चुका आंकड़ा

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है। निदेशक की तरफ से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन, आंकड़ें गोपनीय बताकर नहीं दिए गए। इस बार मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने की सहमति बनी है और चुनाव जांच कर कार्रवाई की तैयारी है।

एक नजर

कांग्रेस के उप चुनाव प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत इंदिरा नगर के पार्कों से की। इसके बाद सी ब्लॉक में ही डोर टू डोर जनसंपर्क करने के बाद राजीव नगर, हरिहर नगर, अवध विहार में मतदाताओं से मुलाकात की। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने बताया कि पूर्वी विधानसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे कामरेड अतुल कुमार अंजान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और भैसाकुंड पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

चुनाव को लेकर पेंशनरों की बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, लखनऊ मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जोनल एवं जनपदों के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार प्रात: 11 बजे एलडीए स्थित सीएमएस स्कूल गेट न.1 के सामने पार्क में स्थित मन्दिर हाल में किया गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव में पेंशनर्स के हितों एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ मंडल सचिव अशोक बाजपेयी ने दी।

राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में विशेष सचिव नगर विकास विभाग डॉ दीपक कोहली की पुस्तक 'पर्यावरण और प्रौद्यौगिकी : नये क्षितिज' का लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. कोहली ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती, पर्यावरण अनुकूल कार्बन फार्मिंग, बहुआयामी जलवायु संकट, जैव ईंधन और हरित बांड जैसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई है, इसके साथ ही, कृषि प्रौद्योगिकी, स्वच्छ तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डिजी यात्रा, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व क्वांटम प्रौद्योगिकी के नये आयामों को उजागर करने वाले लेखों का समावेश है।

बसपा नेत्री मीता गौतम को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, साथ में मौजूद पूर्व सांसद पीएल पुनिया। अमृत विचार

पूर्व बसपा विधायक मीता गौतम कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व बसपा विधायक मीता गौतम सैकड़ों समर्थक के साथ शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। उन्होंने बाराबंकी में कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को समर्थन देने व उन्हें जिताने का संकल्प लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के समक्ष उन्होंने सदस्यता ग्रहण की।

मीता गौतम वर्ष 2007 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर बाराबंकी की कुर्सी विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई थीं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पीएल पुनिया को हराया था। पिछले दिनों उन्होंने बसपा से इस्तीफा दे दिया था और इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया था। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश सह प्रभारी राजेश तिवारी, बाराबंकी से पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

53 प्रत्याशी करोड़पति, सपा की अन्नु टंडन सबसे अमीर

चौथा चरण : भाजपा के सभी प्रत्याशी करोड़पति, लखीमपुर खीरी में शून्य संपत्ति वाले प्रत्याशी भी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 18वीं लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 130 उम्मीदवारों में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, खास बात है कि भाजपा के सभी 13 प्रत्याशी करोड़पति हैं, मगर सबसे ज्यादा धनवान 79 करोड़ की संपत्ति की मालकिन सपा की अन्नु टंडन है। वहीं इन करोड़पतियों के सामने खीरी में एक निर्धन महिला प्रत्याशी मुकाबला कर रही है। उप्र.इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है।

▸▸ कुल 130 प्रत्याशी मैदान में 36 पर आपराधिक मुकदमे

अन्नु टंडन

एडीआर के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया की 13 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में 41 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति हैं। जिसमें भाजपा के अलावा कांग्रेस के भी सभी यानी 100 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं, इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा बसपा के 13 प्रत्याशियों में 10 करोड़पति हैं और सपा के 11 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि उन्नाव से सपा प्रत्याशी अन्नु टंडन के बाद कन्नौज प्रत्याशी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संपत्ति 42 करोड़ है। वहीं, कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के पास संपत्ति लगभग 35 करोड़ के आसपास है। इसके अलावा खीरी में उप्र.रिपब्लिकन पार्टी की प्रत्याशी कुमारी पंचशिला आनंद के पास संपत्ति शून्य है।

17 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले

एडीआर के संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 130 उम्मीदवारों में से भाजपा के चार, बसपा के पांच, सपा के सात और कांग्रेस के दो, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के दो कुल 36 उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 17 प्रत्याशी गंभीर धाराओं में आरोपित हैं। कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा पर पांच आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर भाजपा में अकबरपुर सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह अलियास के ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज़ हैं। वहीं तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बसपा से धौराहरा के उम्मीदवार हैं, पर 4 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।

85 प्रत्याशी उच्च शिक्षित और दो असाक्षर प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

चौथे चरण में 130 में से 85 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज्यादा, उच्च शिक्षित हैं। जबकि 37 उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच तक शिक्षित हैं। एक प्रत्याशी डिप्लोमा धारक है, वहीं पांच साक्षर हैं तो दो प्रत्याशी असाक्षर भी हैं।

मात्र 16 महिला उम्मीदवार

चौथे चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव में मतदान होना है। इसमें लड़ रहे 130 प्रत्याशियों में मात्र 16 महिला उम्मीदवार हैं।

आज थम जाएगा लोस चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

निर्वाचन आयोग ने दिए मतदान की तैयारी संबंधी निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक रहेगी। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

100 प्रत्याशी मैदान में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।

नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते उद्यमी।

आईआईए के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन, लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में बैठक हुई। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने बताया कि आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा। पिछले 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवड्र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48' पर अपना कार्य जारी रखेगा। उद्यमियों की सुविधा के लिए देश-विदेश में नई मार्केट खोजी जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

बसपा के आकाश आनंद की चुनावी रैलियां रद

आचार संहिता उल्लंघन का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर में बसपा के आकाश आनंद के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होने के बाद उनकी प्रस्तावित आगामी चुनावी रैलियां रद कर दी हैं। रैलियां बिना कारण बताए रद की गई हैं।

रैलियां रद होते ही आकाश आनंद चुनावी अभियान को छोड़कर दिल्ली चले गए हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने से आहत थे, इसी कारण वो चुनाव प्रचार से पीछे हट गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने शनिवार को बताया कि आकाश आनंद के अन्य प्रांतों में भी चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, साथ ही कई अन्य जिम्मेदारी भी हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए दिल्ली गए हैं।

टैक्स के धन से ही मिल रहा मुफ्त राशन : मायावती

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती ने मिलने वाले मुफ्त राशन को लेकर केन्द्र सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किये हैं। सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को मायावती ने कहा कि केन्द्र की थोड़ा फ्री राशन देकर वोट मांगने की चुनावी चाल की निंदा करती हूं। यह कोई उपकार नहीं बल्कि यह लोगों के टैक्स का ही धन है, जो जनता पर खर्च हो रहा है। जनमानस को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे हथकंडों से सावधानी जरूरी है।

राजधानी स्थित कैंपल रोड निषाद राज मार्ग स्थित तिलक पैलेस में लोगों को संबोधित करते विधायक पंकज सिंह।

अटल के सपनों का शहर बना रहे राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पिछले दस वर्षों से लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का शहर बनाने में लगे हैं। लखनऊ के सतत विकास के लिए 20 मई को राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करें।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने नुक्कड़ सभाओं के दौरान कही। उन्होंने कैंपल रोड में वरिष्ठजनों के साथ, रकाबगंज और समाज मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ, इरम कॉलेज सेक्टर 3 इंदिरा नगर में प्रबुद्ध वर्ग के साथ, कुर्सी रोड महावीर इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय लोगों के साथ, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में सेक्टर की में रावत समाज के साथ और सिकंदरपुर सेक्टर एच में जनसभा और रहीम नगर रामलीला मैदान में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियां, जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रमों में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, गोविंद पांडे, रमेश तूफानी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने राजनाथ सिंह के पक्ष में चरण प्लाजा में व्यापारियों के साथ, हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड के अंतर्गत जीपीओ सभागार में भारतीय टेलीकॉम इंप्लाइज यूनियन बीएसएनल संबंध भारतीय मजदूर संघ के साथ और खदरा चुंगी पर अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया।

▸▸ रक्षा मंत्री के पक्ष में मतदान करने की अपील की

कांग्रेस और सपा की होंगी संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानी राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो और जनसभा करती नजर आएगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकतीं हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है। इनमें बाराबंकी, इलाहाबाद, वाराणसी, अमेठी और रायबरेली शामिल हैं।

दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा।

इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकती हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल और डिंपल के नाम हैं।

उप्र. चुनाव 2017 के दौरान कई प्रत्याशियों ने अखिलेश और राहुल की जोड़ी के चलते खासा समर्थन जुटाया था। हालांकि, सरकार बनाने लायक सीटें न आने के कारण यह गठजोड़ सफल नहीं हो पाया था।

▸▸ दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रमों को दे रहे अंतिम रूप

▸▸ आप नेता संजय सिंह और केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी होंगी शामिल

> संयुक्त प्रचार के लिए सपा नेतृत्व से वार्ता हो चुकी है। वहां से भी समय और स्थान पर सहमति बनने के बाद साझा प्रचार कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।
> **– अविनाश पांडे, प्रभारी, उप्र. कांग्रेस**

> दोनों दलों की संयुक्त रैलियों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। सपा प्रमुख की फाइनल स्वीकृति के बाद इसे शीघ्र सार्वजनिक किया जाएगा।
> **– राजेन्द्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, सपा**

विवि ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थान फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। पर समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा।

बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13,500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी को डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।

▸▸ 13,500 छात्र-छात्राओं की फंस गई थी छात्रवृत्ति, फिर से खोला गया था पोर्टल

कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का कुनबा बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को हलवासिया कोर्ट में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में कई लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर दूसरों दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और संगठन के लोग शामिल हो रहे हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से दादा मियां मजार के खादिम कारी रोशन अली, शंकर पूर्व प्रथम से राम अजय सिंह, शंकर पूर्व तृतीय से आलोक द्विवेदी, इस्माईल गंज तृतीय से पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, शैलेंद्र सोनकर सहित खादिम अब्बास, मोहम्मद हैदर आसिफ रजा आदि शामिल हुए। सभी को फटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया गया।

हज यात्रियों का टीकाकरण शुरू, पहली उड़ान 9 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हज 2024 के तहत राजधानी के हज हाउस में शनिवार को हज यात्रियों के वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया गया। 166 हज यात्रियों ने हज हाउस पहुंचकर वैक्सीनेशन कराया।

राज्य हज समिति ने हज यात्रियों को भेजे सन्देश में स्पष्ट कहा है कि हज पर जा रहे यात्री समय रहते अपनी मेडिकल जांच और टीकाकरण का काम पूरा कर लें, क्योंकि इसके अभाव में वे लखनऊ से मक्का-मदीना की उड़ान नहीं भर पाएंगे। जानकारी मिली है कि हज यात्री अपने साथ 47 किलो सामान ले जा सकते हैं। इसमें दो बैग में 20-20 किलो सामान रखा जायेगा और एक बैग में सात किलो सामान होगा, जिसे हज यात्री अपने साथ रख सकेगा। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हज की उड़ानें 9 मई को शुरू होकर 24 मई तक चलेंगी।

सख्ती अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी गिरफ्तार

ध्वस्त होगा प्रश्नपत्र आउट कराने वाला हर तंत्र

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं। दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है।

▸▸ आरओ-एआरओ परीक्षा व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट होने का मामला

बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके। एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था।

एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है। एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।

> एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।
> **– अमिताभ यश, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस**

एसटीएफ ने पूरे किए सार्थकता के 26 वर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 4 मई को उप्र. पुलिस के महत्वपूर्ण विंग स्पेशल टास्क फोर्स ने अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर एसटीएफ मुखिया एवं एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एसटीएफ की समस्त यूनिटों के अफसरों और कार्मिकों को बधाई दी है। बता दें कि यह वही एसटीएफ है, जिसे तत्कालीन माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला के खात्मे के लिए मात्र छह महीने के लिए अस्थाई तौर पर बनाया गया था। लेकिन यह फोर्स उप्र. पुलिस के लिए इतना मुफीद साबित हुआ कि कालांतर में सरकारों की जरूरत बन गई।

अजय राज शर्मा थे पहले एसटीएफ चीफ : 1966 बैच के आईपीएस अजय राज शर्मा एसटीएफ के पहले चीफ बने थे। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, एसपी सत्येंद्र वीर सिंह और तत्कालीन क्षेत्राधिकारी के साथ राजेश पांडेय के अलावा अन्य कार्मिक शामिल थे। ड्राइबर सहित पूरी टीम 17 पुलिसकर्मियों की थी।

2017 के बाद उत्कर्ष पर पहुंची एसटीएफ : उत्तर प्रदेश में 2017 में यूपी एसटीएफ को खुली छूट दे दी गई। निर्देश था कि यूपी में माफिया राज पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। इसके बाद एसटीएफ माफियाओं के लिए काल बनकर उभरी। सैकड़ों अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

कभी एक कंप्यूटर की थी दरकार, आज संसाधन संपन्न : 1998 में जब एसटीएफ का गठन हुआ था उस समय इस विंग के पास एक कंप्यूयर तक नहीं था। तकनीक के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं थी। लंबे सफर के दौरान आज एसटीएफ का स्वयं का भवन है। सूचना संकलन को आधुनिकतम उपकरण, लैब, मुठभेड़ के लिए कार्मिकों के पास आधुनिक हथियार, हाईस्पीड सुरक्षित गाड़ियां। पूरी व्यवस्था ही कंप्युटराइज्ड है।

▸▸ उप्र. पुलिस के विंग स्पेशल टास्क फोर्स के स्थापना दिवस पर एडीजी ने दी बधाई

तीन आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की ओर से अयोध्या और जौनपुर में खोले गए आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया पूरी हो गई है। दोनों जिलों में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक आश्रम पद्धति विद्यालय खोले गए थे। कक्षा छह से आठ तक के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई थी। एक कक्षा में 70 छात्र-छात्राओं के हिसाब से दाखिला लिया गया है। छात्र-छात्राओं का अध्यापन प्रभावित न हो, इसके लिए अप्रैल के दूसरे सप्ताह में तीनों विद्यालयों में किताबें भिजवा दी गई थीं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि तीनों विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है और चार सौ से अधिक बच्चे आए हैं।

16 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

एक निर्दल सहित 8 उम्मीदवार मैदान में, कल होगी नाम वापसी, तब होगी तस्वीर साफ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले जिले में मतदान को लेकर 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 3 मई तक चली थी। प्रक्रिया के तहत 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच हुई। आधे-अधूरे व गड़बड़ी वाले 16 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। अब कुल 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। 6 मई को नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होगी।

आठ दिन तक दिन तक चली नामांकन प्रक्रिया में 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने चार-चार सेट, बसपा प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। कलेक्ट्रेट में चल रहे नामांकन की जांच-पड़ताल 4 मई को हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम हर्षिता माथुर, सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की। सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत छोटे दलों के कुल 24 प्रत्याशियों ने ही अपना नामांकन दाखिल किया था। इनमें 8 पत्र जांच में सही पाए गए। 16 प्रत्याशियों के नामांकन अपात्र मिलने पर खारिज कर दिए गए। चुनाव मैदान में कुल 8 प्रत्याशी रह गए हैं। 6 मई को नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। इसके बाद ही सही तस्वीर सामने आएगी। 20 मई मई को मतदान और चार जून को मतगणना होगी।

कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच करती डीएम हर्षिता माथुर।

इनके नामांकन पत्र जांच में मिले सही

1- राहुल गांधी-कांग्रेस
2- दिनेश प्रताप सिंह-भाजपा
3- ठाकुर प्रसाद-बसपा
4- सुदर्शन राम-भारतीय पंचशील पार्टी
5- रोहिताश सारस्वत मानवतावादी पार्टी
6- मो. मोबीन-अपना दल कमेरवादी
7- दिलीप सिंह-अखिल भारतीय अपना दल
8- होरीलाल-निर्दल

बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

मतदाता जागरूकता रैली में शामिल ईओ निमिषा भारद्वाज। अमृत विचार

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हाथों में बैनर और जागरूकता नारे लेकर स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज की अगुवाई में कस्बे के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली साकेत नगर मुख्य चौराहे से वापस नगर पंचायत कार्यालय में समाप्त हुई। अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने सभी से 20 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। रैली में प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय, पूरे माध्यमिक विद्यालय अहोरा, फागुपुर, बछवलखुर्द, बंगला के छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

सार-संक्षेप

विकास अध्ययन विभाग में पीएचडी करेंगे हर्षवर्धन

महराजगंज, रायबरेली। कस्बे के शांति नगर निवासी स्व रमेश अवस्थी के पुत्र हर्ष वर्धन अवस्थी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय नई दिल्ली में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जूनियर रिसर्च फेलो पद पर पीएचडी करेंगे। पीएचडी में चयन के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

ओलंपियाड के मेधावियों का हुआ सम्मान

एसजेएस पब्लिक स्कूल छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। एसजेएस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर क्षेत्र के साथ-साथ जनपद का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा ने ओलंपियाड में जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। नवोदय चौराहा स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा अंशिका सिंह व अविशा बाजपेई ने ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र के साथ-साथ जनपद का भी नाम रोशन किया है। शनिवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र व 2100 रुपए की चेक प्रदान कर छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डा अनुश्री सिंह ने दोनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर हौसला अफजाई किया।

दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

स्कूल में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अभिभावक। अमृत विचार

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। सरेनी विकास क्षेत्र में स्थित दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल मुरारमऊ में नये सत्र की पहली शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का अयोजन किया गया। इस दौरन उपस्थित सभी अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा व देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए अनेक द्वारा बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चो की शैक्षिक प्रगति के बारे में समय-समय पर सूचित करते रहे, ताकि समय रहते इस पर कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर शिक्षक सतीश कुमार, रामबली शर्मा, अमित, शुभी, साक्षी, आरती, अंजली आदि उपस्थित रहे।

जेठ पर गिरवी रखे आभूषण हड़पने का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बीमार शौहर के इलाज के लिए जेठ ने उसकी बीवी के जेवर गिरवी रख दिया। उसके बाद सारा जेवर जेठ ने हड़प लिया है। परेशान पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे किसुनी मजरे अरखा निवासिनी अफसाना का कहना है कि करीब तीन साल पहले उसका शौहर मो रईस काफी बीमार था। जिसके इलाज के लिए रुपए नहीं थे। इस समय उसके शौहर ने उससे एक तोला सोने के आभूषण और 14 तोला चांदी के आभूषण लेकर एक सोनार के यहां बीस हजार रुपए पर गिरवी रख दिया था। जब उसका शौहर ठीक हो गया तो वह ब्याज सहित कुल 24 हजार रुपए लेकर स्वर्णकार के यहां अपना आभूषण लेने गई तो पता चला कि उसका जेठ सारा आभूषण उठा ले गया है। तब से महिला अपने जेवरात के लिए लगातार परेशान है, किंतु उसका जेठ उसे आभूषण नहीं दे रहा है। शनिवार को पीड़िता ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महिला को उसके जेवर दिलाने के लिए उसके जेठ को बुलाया गया है।

सत्संग का हुआ आयोजन

जगतपुर, रायबरेली। जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा जगन्नाथ की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा ने कहा है कि मर्यादा में रहकर इंसान रिश्ते अगर निभाएगा फिर कोई परिवार कभी भी बिखरा नजर ना आएगा। इस मौके पर ब्रांच प्रबंधक वसंतलाल, रज्जन, राम लखन, उषा, वंदना, कर्मावती आदि साध संगत मौजूद रहे।

विधायक के बेटे और भाई भाजपा में शामिल

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ डिप्टी सीएम व प्रदेश महामंत्री की मौजूदगी में ली पार्टी की सदस्यता

अमृत विचार। भाजपा लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन सभा में ऊंचाहार से सपा विधायक मनोज पाण्डेय के छोटे भाई अमिताभ पाण्डेय व बेटे राज पाण्डेय ने हजारों की संख्या में उपमुख्यमंत्री व प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य के समक्ष पार्टी की सदस्यता ली। इसके अलावां कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह के साथ सैकड़ो महिलाओ ने भी भाजपा का दामन थामा।

भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल ने कहा कि जो अपने परिवार व अपने लोकसभा क्षेत्र का नहीं हुआ वह कभी किसी का नही हो सकता। गांधी परिवार पे निशाना साधते हुए कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह ने कहा कि जो प्रभु श्रीराम का नहीं हुआ, वो रायबरेली की जनता का क्या होगा। सिर्फ ये लोग चुनाव लड़ने के लिए आते है चुनाव जीतने के बाद अपना प्रमाण पत्र अपने प्रतिनिधि से मंगवाने के बाद जनता को ठेंगा दिखा देते है। रायबरेली की जनता इस बार इन्हें खदेड़ने का काम करेगी।

डीएम ने शराब की दुकानें बंद करने के दिए निर्देश

रायबरेली, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी कराने के लिए डीएम ने देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफएल-7. एफएल-9/9 ए एफएल-16/17 एवं एफएल-49 की फुटकर बिक्री करने पर रोक लगा दी है। यह सभी दुकानें चौथे चरण के मतदान में 11 मई के शाम 6 बजे से 13 मई के शाम 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक व जनपद के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 से 20 मई के शाम 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं छठें चरण के मतदान तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावां 4 जून को मतगणना के दिन जिले की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी। डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि बंदी के दौरान उल्लंघन करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

चेकिंग कर रहे दरोगा को बस ने कुचला

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ जौनपुर जनपद का रहने वाला था दरोगा, बछरावा में थी तैनाती

अमृत विचार। जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ा हादसा उस समय हुआ जब फ्लाइंग स्क्वायड टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं एक दरोगा को रोडवेज बस ने कुचल दिया। घटना में दरोगा की मौके पर मौत हो गई। जबकि वाहन बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

एफएसटी टीम के चेकिंग के दौरान हुई घटना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही प्रशासन में हड़कम्प मच गया, आनन फानन में चालक को पकड़ने के लिए टीम में गठित कर दी गई है। बछरावां थाने में तैनात जौनपुर जनपद के रामनगर चैती निवासी दरोगा राकेश सिंह की फ्लाइंग स्क्वायड टीम में ड्यूटी थी। शुक्रवार देर रात टीम के साथ वह चेकिंग के लिए वाहनों को हरचंदपुर कस्बे में रहे और वहां वाहनों की चेकिंग हो रही थी। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही रायबरेली डिपो की बस ने दरोगा को कुचल दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। वही जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

मौके पर मौजूद एफएसटी 12 के प्रभारी मंगल सिंह ने घटना की जानकारी आलाधिकारियों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि एफएसटी प्रभारी की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, चालक की तलाश की जा रही है।

तोड़फोड़ के बाद थाने में खड़ी बस।

'अमृत विचार' की मुहिम | मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी

रायबरेली। डलमऊ के न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा अंकिता मौर्य ने एक कलाकृति के माध्यम से मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया है। संदेश में कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना बेहद जरूरी है।

सभी को इस पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।

पहली बार परीक्षा केंद्र बना महाविद्यालय

बछरावा, रायबरेली

अमृत विचार। कस्बे में स्थित दयानंद बछरावां पीजी कॉलेज पहली बार नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

आज यानी रविवार को होने वाली इस परीक्षा में महाविद्यालय में 600 बच्चे परीक्षा देंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट कें लिए महाविद्यालय में 600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सुरक्षा के एग्जाम के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा को लेकर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं एवं इंतजाम चुस्त-दुरुस्त कर लिए गए हैं। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए इसका भी विशेष ध्यान महाविद्यालय की एक विशेष टीम के द्वारा रखा जाएगा।

दयानंद बछरावां पीजी कॉलेज।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक घायल

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के जगतपुर सलोन संपर्क मार्ग पर एक बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा है। शनिवार को संदीप निवासी रुस्तमपुर थाना मिल एरिया बाइक से सलोन की तरफ जा रहा था, तभी परशुरामपुर ठेकहाई के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया।

भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने किया जनसंपर्क

महिलाओं से बातचीत करती बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी से सांसद और बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने गांधी पर परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अमेठी से गांधी परिवार का न लड़ना, संकेत है कि चुनाव से पहले बिना वोट पड़े ही कांग्रेस पार्टी ने अमेठी में अपनी हार मान ली है। शनिवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सलोन क्षेत्र के खैरहनी पहाड़गढ़, रेवली, पकसरावा, मीरजहांपुर, धरई समेत एक दर्जन ग्रामीण क्षेत्रो में आयोजित नुक्कड़ सभा मे कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर हमलावर रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से अमेठी में तेजी से विकास हो रहा है।

जीवन में मां से बड़ा कुछ नहीं : पूनम

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ कमला देवी फाउंडेशन की ओर से स्व. कमला सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर भंडारा

अमृत विचार। गुरु तेग बहादुर मार्केट में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने अपनी मां स्व. कमला सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मां को याद करते हुए उन्होंने कमला सिंह की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की व श्रद्धांजलि दी। उनके साथ उनकी बड़ी बहन गीता सिंह व ममता सिंह भी मौजूद रहीं। पूनम सिंह ने अपने हाथों से लोगों को प्रसाद वितरित किया। कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि इंसान के जीवन में मां बहुत बड़ा शब्द होता है। उसकी कोई भी व्याख्या नहीं की जा सकती। आज मैं अपनी मां को याद कर रही हूं। उन्हीं की याद में आज मैंने यह भंडारा रखा है। मैं चाहती हूं कि मेरी मां ने जो शिक्षा मुझे दी है उस पर मैं खरी उतरूँ। कमला फाउंडेशन के जरिए उनका आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। पूनम सिंह ने कहा कि किसी भूखे को खाना खिलाना समाज की सबसे बड़ी सेवा होती है। कमला फाउंडेशन की तरफ से हर साल इस प्रकार का आयोजन करके हम पुण्य के भागीदार तो बनते ही है साथ में जरूरतमंदों की हम सेवा कर पाते हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य है लोगों की सेवा करना है। इस मौके पर अशोक परिहार, उपेंद्र सिंह, भोला काका, दिनेश सिंह, रवि सोलोमन, शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी, महेंद्र अग्रवाल, दिलीप बाघवानी, डॉ आरके मोर्य, मंजेश, मोहम्मद मकसूद, पवन सिंह, लक्ष्मी सिंह, पिंटू सिंह, देशराज सिंह आदि मौजूद रहे।

गुरु तेग बहादुर मार्केट में स्व. कमला सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर प्रसाद वितरित करती कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह। अमृत विचार

मतदान के बाद बच्चों ने ली सेल्फी, मत डालने पर की चर्चा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। विबग्योर पब्लिक स्कूल चन्दौली में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोलिंग बूथ का आयोजन किया गया। जिसमे सभी बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ पोलिंग बूथ संबंधी जानकारी की सारी प्रक्रिया को प्रदर्शित किया।

पोलिंग बूथ में पीठासीन अधिकारी अर्पित मौर्या, पोलिंग अधिकारी प्रथम अवन्तिका, पोलिंग अधिकारी द्वीतीय अजय कुमार एवं पोलिंग अधिकारी तृतीय आयुषी पटेल ने बहुत ही व्यवस्थित ढंग से बूथ को संचालित किया। वहीं पोलिंग एजेंट में चाहतदीप, संस्कार वर्मा, सचिन चौरसिया, भूमि सैनी, आयुषी, आरुषि, वैष्णवी, अर्चिता, शगुन, सौम्या, प्रिन्स आदि ने बच्चों को बेहतर तरीके से वोट डालने के प्रक्रिया को समझाया। वोट डालने के लिए बच्चों ने अपने-अपने नाम की पर्ची लेकर एवं कतारबद्ध होकर अपने क्रम को आने की प्रतीक्षा की तथा ईवीएम को देखने के लिए बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। सर्वप्रथम पोलिंग अधिकारी प्रथम के पास जाकर अपनी आइडी को दिखाकर अपने नाम को मिलाया और पोलिंग अधिकारी द्वीतीय के पास जाकर अपने बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में स्याही लगवाकर पोलिंग अधिकारी तृतीय के पास अपने नाम की पर्ची दिखाकर अपना नाम अंकित कराया। पोलिंग कम्पार्टमेंट के ईवीएम में जाकर अपने पसंद की बटन दबाकर अपने मत का प्रयोग किया। मत डालने के बाद बाहर आकर अपनी-अपनी उंगली दिखाते हुए सभी बच्चों ने अपने साथियों के साथ सेल्फी ली। सेल्फी को साझा करते समय मत डालने को लेकर आपस में चर्चा भी की एवं घर जाकर अपने आस-पास के लोगों को मत डालने के लिए एवं बूथ की सारी प्रक्रिया को समझाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंधक मुदित वर्मा, प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा, जूनिअर विंग की प्रधानाचार्या पुष्पा श्रीवास्तव, विद्यालय इन्चार्ज अतुल आदि लोग मौजूद रहे।

मतदान के बाद अंगुली में लगाई स्याही दिखाकर लोगों को जागरूक करते स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

मारपीट को लेकर पत्रकारों ने की बैठक

डलमऊ, रायबरेली। रायबरेली में लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान जिला संवाददाता से कुछ युवकों द्वारा की गई कहासुनी के बाद मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर डलमऊ में पत्रकारों ने एक बैठक की है। ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले हुई बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक समाचार पत्र के पत्रकार सुशील सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आक्रोश व्यक्त किया है। बैठक के दौरान अध्यक्ष संतोष मौर्य ने कहा कि पत्रकार के ऊपर इस तरीके से हुई घटना एक बहुत ही निंदनीय है। बैठक में प्रवक्ता हर्षित शुक्ला, संगठन महामंत्री मेराज अली, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा, प्रदीप निर्मल सहित संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwifery Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

बच्चों को बचाने में स्कूटी से गिरकर भाभी की मौत

ऊंचाहार-कानपुर मार्ग पर हुआ हादसा, ननद घायल

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। स्कूटी सवार भाभी ननद सड़क पर अचानक सामने आए बच्चों को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर फिसलकर स्कूटी गिरने से भाभी की मौत हो गई है, जबकि ननद गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह हादसा ऊंचाहार-कानपुर मार्ग पर गाड़ागंज थाना क्षेत्र के सरदार गंज तिराहा के पास हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के अरखा गांव निवासिनी कंचन (30) अपनी ननद रजनी के साथ गदागंज थाना क्षेत्र में किसी काम से गई हुई थी। स्कूटी ननद रजनी चला रही थी। वहां से वापस लौटते समय सरदार गंज तिराहा के पास अचानक सड़क पर स्कूली बच्चे आ गए। जिनसे बचने के चक्कर में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे स्कूटी सवार दोनो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई।

सीएचसी में बैठे मृतका के गमगीन परिजन। अमृत विचार

हादसे के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने दौड़कर उन्हे उठाया और एंबुलेंस की माध्यम से उनको ऊंचाहार सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने कंचन को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल द्वारा कोतवाली को दी गई मेमो की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

डलमऊ, रायबरेली। दुष्कर्म जैसे संगीन मामलों में भी डलमऊ पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है। वहीं एक नाबालिक लड़की ने डलमऊ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी से शिकायत की है।

युवक ने क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुन कुमार नवहार को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि गांव का रहने वाला व्यक्ति उसकी बहन से जबरन दुष्कर्म किया। 6 अप्रैल को थाना डलमऊ में दुष्कर्म का मुकदमा न दर्ज कर पुलिस ने 363, 366 का मुकदमा दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ लिया था। उसके बाद जब युवक की गिरफ्तारी नहीं हुई तो नाबालिग लड़की न्याय पाने के लिए अधिकारियों के पास चक्कर काटने लगी। इस संबंध में क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि मामला संज्ञान में है विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

तीन बच्चों समेत दंपति की मौत के बाद गांव पहुंचा शव, मचा कोहराम

सरेनी, रायबरेली।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में उस वक्त मातम पसर गया जब एक ही परिवार से पांच लोगों की मौत की खबर गांव पहुंची।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे लालू मजरे रासीगांव निवासी मंजेश पुत्र ओमप्रकाश उर्फ फुल्लर अपनी पत्नी काजल, पुत्र चीकू, पुत्री कनिका व माही को शुक्रवार की शाम बाइक से लेकर मिलएरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेकारी गांव ससुराल जा रहे थे। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदई का पुरवा के पास पहुंचने पर कानपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी समेत बच्चे जमीन पर आ गिरे, जिसमें मंजेश, काजल व कनिका की मौके पर ही मौत हो गई वहीं माही व चीकू को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन दोनों की भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।वहीं शनिवार की देर शाम मृतकों के शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई,वहीं ग्रामीण भी गमगीन हो गए।उल्लेखनीय है कि एक साथ पांच लोगों की मौत से परिवार उजड़ गया।वहीं घटना से मंजेश के पिता ओमप्रकाश, माता श्रीमती व बहन किरन का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि मंजेश की मौत से परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट आ गया है।वही आगामी 30 नवंबर को बहन किरन की शादी भी तय थी।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

बछरावा, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार नवयुवक विकास पुत्र पप्पू (20 वर्ष) ने गांव के बाहर जामुन के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पत्रकार पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली, अमृत विचार। शुक्रवार को चुनावी कवरेज कर रहे एक पत्रकार पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया था। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पत्रकार की तहरीर पर आरोपी शिवा सोनकर के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिवा सोनकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गौरव बने व्यापार मंडल के अध्यक्ष

बछरावा, रायबरेली। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश गुप्ता एवं संगठन के संरक्षक राम हर्ष वर्मा के नेतृत्व में कस्बे की महाराजगंज रोड पर स्थित स्वयंवर उत्सव मैरिज लॉन के प्रांगण में युवा समाजसेवी एवं व्यवसायी गौरव बाबा को नवनियुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर अंबेश सिंह, सत्य कुमार सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, सुरेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम **उदय भान भारती उर्फ उदय भान पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी केशव नगर ग्रांट पश्चिमी तहसील मनकापुर** का हूं। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी– ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आलम पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आलम हकदार रहेगा।

सूचना

सूचित हो कि मै **मौसिम खान पुत्र मुस्तकीम खान, निवासी– 271 फिरोज गाँधी नगर, जिला रायबरेली** ,मेरे सभी सरकारी अभिलेखों (आधार कार्ड आदि) में मेरा नाम मौसिम खान (MOUSIM KHAN) दर्ज है जबकि मेरे अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश मोसिम खान (MOSIM KHAN) अंकित हो गया है। अतः मैने अपना नाम समस्त प्रपत्र में मौसिम खान (MOUSIM KHAN) ही रखना चाहता है। अतः मुझे आज की तारीख से (MOUSIM KHAN) मौसिम खान के ही नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जायें।

सूचना

सूच्य हो कि एलआईसी की पालिसी संख्या 213420263 भूपेंद्र कुमार मिश्रा के नाम है अन्य अभिलेखों में बीमाधारक का नाम अरविंद कुमार मिश्रा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।– **अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र रामचंदर मिश्रा, निवासी बाल्हाराई पोस्ट–नगवा जिला गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी– ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान हकदार रहेगा।

सूचना

मैं शिव शंकर पुत्र छोटेलाल निवासी भरसना तहसील डलमऊ जनपद रायबरेली का निवासी हूं। मैं अपने पुत्र रमेश कुमार के गलत आचरण, चाल चलन व व्यवहार के कारण मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूच्य हो कि मेरा नाम सिद्दीकी मो . आदिल कमरूल हसन था । जिसे परिवर्तित करके अब मो . आदिल सिद्दीकी कर दिया गया है । अतः अब मुझे मो . आदिल सिद्दीकी के नाम से जाना , पहचाना व समझा जाए । मो . आदिल सिद्दीकी पुत्र कमरूल हसन सिद्दीकी निवासी ग्राम – जलालपुर धई थाना – गदागंज प. व तहसील – डलमऊ रायबरेली

ससुरालीजन पर महिला को घर से भगाने का आरोप, दी तहरीर

ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से निकालकर उसका सारा सामान भी घर से बाहर फेंक दिया है। साथ ही उसके शौहर पर उसे तलाक देने का दबाव भी बना रहे हैं। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे किसुनी मजरे अरखा का है। यहां की रहने वाली सोफिया बानो का कहना है कि उसका निकाह चांद बाबू के साथ करीब तीन साल पहले हुआ था, तभी से उसके ससुराल वाले उससे दहेज में भारी रकम और समान मांग रहे है। उसका आरोप है कि शनिवार की दोपहर दहेज की मांग को लेकर उसके ससुर, सास आदि लोगों ने उसे मारना पीटना शुरू किया। उनसे बचने के लिए वह भागकर घर के पड़ोस में स्थित बाग में चली गई। उसके शौहर से कहा कि इसको अभी तलाक दे दो। उसका यह भी आरोप है कि बाग में भी पहुंचकर विवाहिता के ससुर ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की है। ससुराल वालों के चंगुल से बचकर विवाहिता किसी प्रकार कोतवाली पहुंची और मामले की तहरीर दी है।

पीड़ित परिवार को दिया मदद का भरोसा

▸▸ **अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले हरचंदपुर विधायक**

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने क्षेत्र के मझिगवां हरदोई गांव में हुए अग्निकांड में प्रभावित परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि किसान पूरा साल मेहनत से रात दिन छुट्टा जानवरों से बचाकर फसल तैयार करता है, लेकिन उसके बाद जब अनाज घर आने की बारी हो तो कभी प्राकृतिक आपदा तो कभी आग में फसल जल कर खाक हो जाए तो किसान जीते जी मर जाता है।

अग्निपीड़ितों का हालचाल पूछते हरचंदपुर विधायक। अमृत विचार

बीते दिनों कई घर भी आग की चपेट में आ गए। ऐसे में दुख की इस घड़ी में हम आप सभी लोगों के साथ हैं। इस दौरान उन्होंने गांव पहुंचकर पीड़ितों को आर्थिक मदद की। साथ ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर किसानों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए कहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो भी अग्निकांड में बेघर हुआ है, उन्हें पक्का आवास दिलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना। साथ ही निस्तारण कराने का भरोसा दिया।

पूर्व सभासद शमशुल हक का निधन

महराजगंज, रायबरेली। पूर्व सभासद शमशुल हक कुरैशी का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की देर रात निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, विमल रस्तोगी, सुधीर साहू, राजू खैहराना, समर बहादुर यादव, फीरोज अहमद, अलीम अहमद, अली अमजद, गुड्डू शुक्ला, प्रदीप श्रीवास्तव, नवीन गुप्ता, हिमांशु श्रीवास्तव (बंटी), शनिल सिंह, हमत, रियाजुल, नूरुल, अनवर, फहीम, कमलेश, मो. शादाब, अभिषेक, कामरान, अनमोल, शिवहरे सहित सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

खाकी के इकबाल को दबंग दे रहे चुनौती, पुलिसिंग फेल

सलोन, रायबरेली

▸▸ **चार दिन में हुई तीन वारदातों से कानून व्यवस्था फेल**

▸▸ **अधिवक्ता और उसके बेटे पर हमला करने वालो को आज तक पुलिस नही कर पाई गिरफ्तार**

अमृत विचार। सलोन कोतवाली क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था से पार पाने में स्थानीय पुलिस फेल साबित हो रही है। शनिवार को दो अलग-अलग ग्राम सभाओं में दबंगों के हमले से घायल पिता-पुत्र समेत तीन लोग जिंदगी और मौत की जंग से जूझ रहे है। सीएचसी सलोन में घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के अतगंज उसरी गांव में शनिवार की सुबह नौशाद पुत्र शेर मोहम्मद अपने घर की दीवाल खड़ी कर रहा है। आरोप है कि इतने में ही पड़ोस के ही मोहम्मद साजिम, मोहम्मद यासिर, आश मोहम्मद, फैज मोहम्मद पुत्रगण लाल मोहम्मद ने धारदार औजार से अचानक हमला कर दिया। बीच बचाव में आये युवक के पिता पर भी धारदार औजार से हमलाकर मरणासन्न कर दिया गया। गम्भीर अवस्था में दोनो पिता-पुत्र को सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर दोनों बाप-बेटो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना मोहद्दीनगर मजरे पाल्हीपुर गांव की है।

तहरीर के मुताबिक गांव के ही विकास यादव पुत्र कमलेश यादव विपक्षी दीपक यादव के खेत मे जेसीबी चालक से बात करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी दीपक, संदीप, रोहित समेत अन्य लोगों ने युवक को कुल्हाड़ी और लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया, इसके बाद घर पर उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीन दिन पूर्व भी दिन दहाड़े ममुनी निवासी अधिवक्ता बिनय त्रिपाठी और उसके बेटे पर दबंगो ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। उक्त प्रकरण में आज तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है। पुलिस की इसी शिथिलता के कारण क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। क्षेत्र में बढ़ रहे आतंक से आम जनता पूरी तरह से असुरक्षित है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित नौशाद की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी घटना में घायल युवक के भाई दीप सिंह की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शिक्षकों ने अभिभावकों से साझा की जानकारी

कार्यक्रम में शिक्षक से जानकारी लेती अभिभावक। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में प्राइमरी व जूनियर विंग के बच्चों के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए एक मजबूत समझ और नींव तैयार करना है। अभिभावकों से बुनियादी जानकारी साझा करते हुए बच्चों की प्रगति के संदर्भ में शिक्षण पद्धति पर भी चर्चा की गई। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अभिभावकों से चर्चा कर उनके सवालों के जवाब देते हुए कहा कि अभिभावक घर में शिक्षक होते हैं, शिक्षक स्कूल में अभिभावक और बच्चा हमारे ब्रह्मांड का केंद्र होता है। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक तथा विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, प्राइमरी व जूनियर विंग के सभी कक्षा अध्यापक, शिक्षक भूपेंद्र शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला, आलोक पांडे, मंजिली अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा।

सलोन, रायबरेली। अमेठी लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार बनाये गए केएल शर्मा शनिवार को सलोन पहुंचे। नगर के एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी को मैदान से भागने का राग अलाप रही है। राहुल गांधी ऐसे व्यक्ति है जो डटकर विरोधी खेमे के हर एक झूठ का सच्चाई से मुहतोड़ जवाब दे रहे है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं, जिसने इतने छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी के काबिल समझा है।मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का तहे दिल से आभारी रहूंगा। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य जितेंद प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद सिंह, इरफान उर्फ डब्बू, दिग्विजय सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, कल्याण गांधी, तनवीर अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

कला प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राएं, मौजूद शिक्षक।

रायबरेली, अमृत विचार। सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल बथुआ खास में कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी ने किया। अपनी सुन्दर कला के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रकार के नशा से रोकने के लिए कला के माध्यम से कैंनवास पर अनेक सुन्दर रंग उकेरे एवं नागरिकों को नशा करने से मना करने के लिए नारे भी लगाए। विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा कि नशा करने से लोगों के घर -परिवार बिगड़ जाते हैं, नशा करने से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है इसलिए नशे से दूरी रखनी चाहिए। पीके वाजपेयी ने कहा कि नशे से स्वास्थ एवं धन दोनों की हानि होती है इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर रेनू चौधरी, वंदना वर्मा, दिनेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, जीतेन्द्र, प्रिया तिवारी, रचना विश्वकर्मा, अंकिता वर्मा, मेवा लाल, जगराना आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

उदय प्रताप सिंह के निधन से शोक

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के ढेकवा गांव के रहने वाले 41 वर्षीय उदय प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उदय प्रताप सिंह पूर्व ढेकवा प्रधान एवं स्व शिक्षक वंश बहादुर सिंह के छोटे पुत्र थे। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार की दोपहर गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से राजबहादुर सिंह, पत्नी गीता सिंह, युवराज सिंह, उदिता सिंह, बलदेव सिंह, मुन्ना सिंह, भजन सिंह, पिंकू सिंह, कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, विनय वर्मा, अंकित वर्मा, पवन सिंह, दिनेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, करुणा शंकर, नीलेश शाक्या, आशुतोष यादव, सनोज मिश्रा आदि लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

उदय प्रताप सिंह (फाइल फोटो)।

कहीं कांग्रेस से छिटक ना जाए सपा का वोटबैंक

▸▸ **राहुल गांधी के नामांकन में कार्यकर्ताओं तक संदेश पहुंचाने में नाकाम रहा संगठन**

धर्मेन्द्र प्रधान,रायबरेली

अमृत विचार। रायबरेली संसदीय सीट के लिए 20 मई को वोट पड़ने है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार है। कांग्रेस की तरफ से मां सोनिया गांधी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी के सबसे बड़े नेता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मैदान में है, जबकि भाजपा से पूर्व प्रत्याशी प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश सिंह है। दोनों प्रत्याशियों ने शुक्रवार को ही नामांकन किया है। दोनों पार्टियों की ओर से शक्ति प्रदर्शन किया गया है।

कार्यकर्ताओं का लंबा हुजूम रहा। शहर की सड़कों में शाम तक जाम जैसे हालात रहे। कांग्रेस के गढ़ को बचाने के लिए जहां राहुल गांधी के सामने चुनौती होगी, तो वही दिनेश सिंह के सामने भी कांग्रेस के गढ़ को भेद पाना आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से ही प्रत्याशी रहे दिनेश प्रताप सिंह ने सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन सियासी शह और मात की बाजी में दिनेश सिंह को मात खानी पड़ी थी। रायबरेली और अमेठी दोनों संसदीय क्षेत्र में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादातर वाक ओवर देती रही है, और यहां पर उसने कई बार उम्मीदवार नही उतारे हैं। एक बार फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन है। शुक्रवार को हुए नामांकन में कांग्रेस से ज्यादा सपा बैनर और झंडे दिखाई दिए। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इसके पहले भी सपा ने कांग्रेस को वाकओवर दिया। 2019 के चुनाव में तो भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने तो सपा के वोटबैंक तक में सेंध लगा लिया था। वजह, कांग्रेस पार्टी द्वारा कोई खास तवज्जों नहीं देना रहा। इस बार भी कुछ ऐसा ही दिखाई दे रहा है। वह चाहे प्रत्याशी की घोषणा में देरी हो या फिर कुछ और। अगर इस बार सपा वोटबैंक को कांग्रेस सुरक्षित नहीं रख पाती है तो परिणाम कुछ भी हो सकते हैं।

गांधी परिवार से नहीं मिलने से मायूस हुए कार्यकर्ता

नामांकन के दौरान कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में पूजा का कार्यक्रम था। जो गांधी परिवार हर बार नामांकन से पहले करता आया है। इस बार सोनिया गांधी के राहुल, प्रियंका सहित सपा के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र यादव, सहित सपा के विधायक राहुल लोधी, श्याम सुंदर भारती व कई अन्य सपा के नेताओ ने गठबंधन की भरपूर एकजुटता दिखाने की कोशिश की। लेकिन कार्यकर्ता मायूस दिखे। उनकी माने तो हम तक किसी ने संदेश तक नहीं दिया। अखिलेश जी की वजह से हम आए लोग हैं। कांग्रेस की इसी कमजोरी का कहीं ना कहीं भाजपा प्रत्याशी लाभ उठा सकते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में सीएमओ सुस्त, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **शहर के नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल का मामला**

अमृत विचार। जिले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सह पर सैकड़ों निजी हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं। जिनमें डॉक्टरों के बोर्ड टंगे रहते हैं, लेकिन मरीजों का इलाज करने वाला कोई और ही होता है। जिसके चलते आये दिन जिले में बड़ी घटनाएं हो रही हैं और लोग बेवजह काल के गाल में शमा रहे हैं। कार्यवाही के नाम पर स्वास्थ्य महकमा नोटिस तक ही सीमित रह जाता है, जिससे निजी अस्पतालों के संचालकों का काकस बढ़ता जा रहा है। शहर के नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए गर्भवती को भर्ती कराया गया था।

आरोप है कि गर्भवती महिला का आपरेशन चिकित्सक के बिना अस्पताल के ओटी टेक्नीशियन ने किया था जिससे नवजात सहित महिला की मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामा करने के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य महकमा और पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही का भरोसा तो दिया लेकिन इस लापरवाह अस्पताल प्रशासन के खिलाफ महकमा क्या कार्यवाही करता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। परिजनों ने बताया कि घटना की शिकायत सीएमओ से की तो उन्होंने पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार करने की बात कही। सवाल यह है कि क्या सीएमओ को अभी भी पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। इस संबंध में सीएमओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153

Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India

For more details and application form & application fee

Visit University Website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

एक नजर

पुलिस ने बाइक के साथ वांछित आरोपी को दबोचा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट पुलिस ने शुक्रवार की रात लगभग 11:30 बजे 25 हजार के इनामी बदमाश पप्पू लाल निवासी कोइलावर मांझा थाना दरियाबाद को जांच के दौरान बाबा रामसनेहीदास मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि आरोपी के पास से एक मोबाइल, बाइक और पांच सौ रुपये की नकदी बरामद हुई। पप्पू चोरी और लूट की वारदात करता है। वह कई मुकदमों में वांछित है।

35 लोगों के खिलाफ शांतिभंग में कार्यवाही

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 35 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। दूसरी ओर जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने 29 अलग-अलग मामलों में वांछितों को गिरफ्तार कर लिया।

22 लाख रुपये की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मसौली पुलिस टीम ने ग्राम त्रिलोकपुर निवासी हारून व ग्राम शेरपुर मजरे शाहपुर निवासी सुनील को 220 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से मिली स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बजार में 22 लाख रुपये की बताई जा रही है। मसौली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पांच प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त

सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में हुई नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी की प्रक्रिया बाकी

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नामांकन पत्रों की जांच में पांच नामांकन पत्रों में कमियां मिलने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया। इसके बाद अब चुनाव मैदान में 13 उम्मीदवार बचे हैं। जबकि अभी नाम वापसी की प्रक्रिया बाकी है। सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट के द्वारा बारिकी से नामांकन पत्रों की जांच की गई। निरस्त पर्चों में प्रमुख दलों का कोई उम्मीदवार शामिल नहीं है। आयोग के निर्देश पर 26 अप्रैल से तीन मई तक नामांकन पत्रों को जमा किया गया। इस दौरान 13 प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया था। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की कार्रवाई पूरी की गई। प्रेक्षक सामान्य आरआर डमोर की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की हुई। पांच के नामांकन पत्रों में कमियां मिलने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया है। नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को होगी।

इन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध

नाम	पार्टी
राजरानी रावत	बीजेपी
तनुज पुनिया	कांग्रेस
शिव कुमार दोहरे	बसपा
आशादेवी	स्वतंत्रता अभियुक्ती पार्टी
प्रो. डॉ. राजदान	पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट इंडियन पार्टी
प्रेमचंद्र	सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी
महेंद्र कुमार रावत	आवामी समता पार्टी
ओमकार	बहुजन मुक्ति पार्टी
संतोष रावत	डॉ. भीमराव अंबेडकर दल
देवतादीन गोतम	निर्दलीय
बाबूराम	निर्दलीय
रामलखन पासी	निर्दलीय
मिथिलेश कुमारी	निर्दलीय

इनके पर्चे हुए खारिज

निरस्त किए गए नामांकन पत्रों में सुधा गौतम राष्ट्रीय विकल्प पार्टी, सुनीता रावत जन प्रगति पार्टी के साथ निर्दलीय के रूप में रामानुज, राजेश कुमार सुरेश शामिल हैं।

जिले में होगी दरियाबाद विस क्षेत्र की मतगणना

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : अयोध्या संसदीय क्षेत्र में लोकसभा में पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। अयोध्या जिले में अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रुदौली सहित पांच विधानसभा आते हैं। जिसमें बाराबंकी जिले के दरियाबाद विधानसभा भी इसका एक हिस्सा है। दरियाबाद विधानसभा के ब्लॉक बनीकोडर का एक आंशिक हिस्सा रुदौली विधानसभा में आता है। ठसमें 19 मतदान केन्द्र हैं और दरियाबाद विधानसभा में ब्लॉक बनीकोडर में 181 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र की मतगणना बाराबंकी में होगी।

घर से मतदान करेंगे 584 मतदाता

सुविधा

- **पोस्टल बैलेट से मतदान करने को 12 डी फार्म भरकर दिव्यांगों बुजुर्गों और कर्मचारियों ने जताई इच्छा**

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में चुनावी यज्ञ में 584 मतदाता घर बैठकर वोट के रूप में आहुति डालेंगे। इनमें दिव्यांगों के साथ 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और कुछ विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। इन सभी ने 12 डी फार्म भर कर बीएलओ के माध्यम से घर से मतदान करने की इच्छा जताई है। अब पोलिंग पार्टियां इन सभी के घर-घर जाकर वोट डलवाएंगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, दिव्यांगों के साथ निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों व मीडिया कर्मियों को बैलेट पेपर के जरिए घर से वोट डालने की सुविधा दी है। इसके लिए बीएलओ के माध्यम से इच्छुक वोटरों से आवेदन मांगा गया था।

जिला प्रशासन को इस संबंध में 584 आवेदन सभी विधानसभा क्षेत्रों से मिले हैं। इनमें 357 बुजुर्ग, 207 दिव्यांग और 20 विभागीय कर्मचारी शामिल हैं। पोस्टल बैलेट से वोट डलवाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। साथ पोलिंग पार्टियां पुलिस की सुरक्षा में इन वोटरों के घरों में पहुंचेंगी। प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि 584 लोगों ने फार्म 12 डी भरकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने की इच्छा जताई है।

घर से वोट डालने वाले मतदाताओं का ब्योरा

विधानसभ	85 प्लस वृद्ध	दिव्यांग	कर्मचारी
266 कुर्सी	77	28	02
267 रामनगर	50	61	01
268 बाराबंकी	51	31	09
269 जैदपुर	80	47	05
272 हैदरगढ़	75	23	01
270 दरियाबाद	24	17	02
कुल योग	**357**	**207**	**20**

प्राक्सी वोटर के बायें हाथ की मध्यमा अंगुली में लगेगी अमिट स्याही

मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : 1 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की छात्रा अजरा परवीन ने मतदाताओं के प्रॉक्सी वोटर से जुड़े सवाल का जवाब अपने चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा।

बूथों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : उपजिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के साथ पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर उसे सुधारने के आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीएम आनंद तिवारी, बीडीओ अमित त्रिपाठी और बीईओ संजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से ग्राम मरकामऊ, बरदरी, रसूलपुर, खुर्दमऊ पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इनमें बिजली, पानी, सड़क रैम्प, टॉयलेट आदि ब्यवस्थाओं को परखा एवं आवाश्यक दिशा निर्देश दिए। सिरौलीगौसपुर में मॉडल बूथ बनाए गए मरकामऊ, धुसेडिया पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रधानाध्यापक, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान व लेखपाल को छाया के लिए शामियाना लगाकर गुब्बारे से सजाने के साथ ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं मतदाताओं की सुविधा के लिए रैम्प, दिव्यांग मतदाताओं हेतु ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया।

मरकामऊ पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

बीडीओ ने शत-प्रतिशत मतदान की दिलायी शपथ

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने शनिवार को सुबेहा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भिटौरा स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समूह की महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गयी।

हमारे फर्स्ट वोटर

वोट देने को उत्साहित हूं

मुझे पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है। इसको लेकर उत्साहित हूं। मैं वोट देने जरूर जाऊंगा। मजबूत राष्ट्र के लिए एक-एक वोट कीमती है। इसलिए लोगों से भी अपील है कि वोट जरूर दें। -करन गुप्ता, छात्र

सांसद चुनने का मिला मौका

8 लोकसभा चुनाव के महापर्व में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने का अवसर मिला है। मैं भी सांसद प्रत्याशी को मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाऊंगा। -स्वयं गुप्ता, छात्र

राष्ट्र निर्माण को दें वोट

मैं पहली बार अपने मत का प्रयोग करूंगी। इसकी खुशी है। केंद्र की सरकार चुनने में वोट देकर अपना योगदान दे सकती हूं। राष्ट्र निर्माण के लिए सभी लोगों को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। -प्रियांशी दोसर, छात्रा

पहले मतदान फिर दूजा काम



मतदान के दिन सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। उसके बाद ही कोई दूसरा काम करूंगा। हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नहीं जागेगा। -अगस्त्य गुप्ता, छात्र

पूर्व विधायक मीता गौतम कांग्रेस में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : फतेहपुर विधानसभा सीट से बसपा विधायक रहीं मीता गौतम ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्हें राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा प्रभारी अविनाश पांडे ने सदस्यता दिलाई। इस दौरान मीता गौतम के समर्थक भी कांग्रेस में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया, दिनेश सिंह, नसीमुद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहे।

मीता गौतम ने कहा कि वह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को समर्थन देकर उन्हें विजय दिलाएंगी। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीता गौतम ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कहा कि हमारी भाजपा से सीधी लड़ाई है। यहां पर मीता गौतम का पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया, पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।बसपा छोड़ने का कारण पूछने पर मीता गौतम ने कहा कि हम लोग जन प्रतिनिधि हैं और जनता की जो मंशा होती है उसके अनुरूप ही हमें चलना होता है। पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने कहा कि मीता गौतम एक अच्छी चुनावी रणनीतिकार भी हैं। इनके कांग्रेस पार्टी मे शामिल होने से निश्चित रूप से हमारी ताकत बढ़ेगी।

पूर्व विधायक मीता गौतम का स्वागत करते पीएल पुनिया व रामसागर रावत।

दिव्यज्योति सिंह उत्तराधिकारी घोषित

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : धमेड़ी रियासत के राजा रत्नाकर सिंह के निधन के पश्चात शनिवार को राजमहल अमर सदन परिसर में पुरोहित के निर्देशानुसार पारंपरिक रूप व विधि-विधान से त्रयोदश संस्कार संपन्न किया गया। इसके बाद रैकवार परिवार के सदस्यों व उपस्थित रिश्तेदारों द्वारा राजकुमारी दिव्य ज्योति सिंह को तिलक लगाकर रियासत का उत्तराधिकारी घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में यूपी समेत मध्यप्रदेश, राजस्थान व पड़ोसी देश नेपाल की रियासतों से राजपरिवारों के लोगों ने अमर सदन में पहुंचकर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की।इसी दौरान आए हुए अतिथियों व कई हजार क्षेत्रीय लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शांतिभोज में सहभाग किया।

सार-संक्षेप

मतदान करने व कराने की दिलाई शपथ

मतदाताओं को शपथ दिलाते एसडीएम। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। मरकामऊ के रामेश्वर इन्टर कालेज में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी की अध्यक्षता एवं बृजेश शुक्ला के संयोजन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर उपस्थित जनसमूह को मतदान करनेकी शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एसडीएम ने कक्षा 8 में जिले में छठा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रतिभा रावत को सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ अमित त्रिपाठी, बीईओ संजय राय, शिक्षक राजेश शुक्ला, रश्मि, सोनेलाल, संदीप वर्मा ने भी उपस्थित मतदाताओं से अपील किया कि गांव में लोगों को जागरूक करें कि 20 मई को पहले मतदान, फिर जलपान किया जाए।

मतदाता जागरूकता स्लोगन लिख महिलाओं ने रचाई मेहंदी

मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल महिलाएं व छात्राएं। अमृत विचार

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हेमापुरवा में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा पांच के नौनिहालों की माताओं ने मेंहदी में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से आने वाली 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान गांव की महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प भी लिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ममता देवी व स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहाल व उनकी माताएं मौजूद रहीं।

20 किमी लंबी बाइक रैली कल होगी रवाना

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा हैदरगढ़ में पांचवें नवाचार के तहत सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी हरी झंडी दिखाकर 20 किलोमीटर लंबी बाइक रैली को रवाना करेंगे। मतदाता जागरूकता नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ला ने बताया कार्यक्रम में शिक्षा एवं विकास विभाग से करीब 850 बाइक के साथ प्रतिभागी रैली में शामिल होंगे और मतदाताओं को जागरूक करेंगे। बाइक रैली उन बूथों से होकर गुजरेगी जहां पर पिछले विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान सबसे कम मतदान हुआ था। रैली का समापन सभा के माध्यम से होगा।

झुलसे युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : चार दिन से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा सूरज आखिरकार शनिवार सुबह अस्त हो गया। दरअसल बीते बुधवार की रात लगभग 8 बजे देवा के बबुरिहा मजरे धौरमऊ में घर में आग लगने से सगे भाई सूरज और शेखर झुलस गए थे। उनका लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां शनिवार को सूरज की मौत हो गई, जबकि शेखर की हालत गंभीर बनी हुई है। जैसे ही सूरज की मौत की खबर गांव पहुंची, घर में कोहराम मच गया। पिता चेतराम, पत्नी नीलम रावत व दादी का रो रोकर बुरा हाल था। आस-पड़ोस के लोगों ने घर पहुंचकर संवेदना जतायी।

फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन हड़पने की कोशिश

बाराबंकी, अमृत विचार : फर्जी अंगूठा लगाकर न्यायालय को गुमराह कर शपथ पत्र दाखिल कर जमीन पर कब्जा करने के आरोपी ग्राम सभा पल्हरी निवासी अबू वकर व उसकी मां सिद्दीक खातून उर्फ हजारा के खिलाफ पीड़ित सलमान ने सफदरगंज थाने में केस दर्ज कराया। मामला ग्राम पल्हरी का है। पीड़ित सलमान के पिता लड्डन की मृत्यु के बाद अबू वकर व उसकी माँ ने जमीन के लालच में पीडित के पिता लड्डन व चाचा सग्गन व कल्लू का फर्जी अंगूठा व हस्ताक्षर बनाकर उपजिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में शपथ पत्र दाखिल कर कृषक भूमि को अकृषक भूमि घोषित करवा लिया, जिसका मामला मजिस्ट्रेट की न्यायिक अदालत में चल रहा है।

कार्मिकों का रेंडमाइजेशन पूरा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए प्रेक्षकों के सामने मतदान कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। 120 फीसदी कार्मिकों का डाटा मतदान कराने के लिए चिह्नित किया गया है। अंतिम रेंडमाइजेशन 18 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी के एक दिन पूर्व किया जाएगा। इसमें कार्मिकों का पता चलेगा कि उनकी ड्यूटी किस बूथ पर लगी है। अभी फिलहाल इन्हे विधानसभा क्षेत्र का नाम पता चला है।

जिले में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है।

आंकडों पर एक नजर

कुल मतदेय स्थल	2,615
चुनाव में लगेंगे कार्मिक	11,504
अतिरिक्त कार्मिकों की संख्या	1,044
पीठासीन अधिकारी	2,876
प्रथम मतदान अधिकारी	2,876
द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों की संख्या	5,752

गैंगस्टर मामले में मुख्तार का नाम हटा

बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश,एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्तार अंसारी से जुड़े गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मुख्तार की मृत्यु होने के उपरांत उसका पत्रावली से नाम हटा दिया है। सुनवाई के दौरान इसी मामले से जुड़े अन्य अभियुक्त जिनमें डॉ. अलका राय, राजनाथ यादव, शेषनाथ यादव, आनंद यादव और मोहम्मद मुजाहिद कोर्ट में उपस्थित थे। शेष अन्य अभियुक्तों की गैर हाजिरी माफी उनके अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को दी गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

सरकार की गलत नीतियों से लोग तबाह

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने शनिवार को विधानसभा रामनगर क्षेत्र के ग्राम मीरापुर, तासीपुर, कोटवाधाम, अद्रा और कसरैलाढीह समेत अन्य ग्राम सभाओं में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों से देश का हर नागरिक त्रस्त है। झूठे वादों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से नौजवान महिलाएं, किसान, छात्र-छात्राएं बड़े-बुजुर्ग सभी त्रस्त हैं। हमारे बच्चों के वर्तमान और भविष्य को अंधकार में धकेलने वाली इस मौजूदा सरकार से देश की जनता छुटकारा पाने का मन बना चुकी है। गोप ने कहा कि किसानों के साथ अत्याचार हो रहा है। इनकी फसलों को औने पौने दामों पर खरीदा जाता है। देश का किसान एमएसपी की गारंटी के लिए निरंतर गुहार लगा रहा है। चौपाल संवाद कार्यक्रम के बाद बदोसराय चौराहे स्थित गठबंधन के कार्यालय पर एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडे दिखाकर इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र के प्रचार के लिए क्षेत्र में रवाना किया। इस दौरान इंतखाब आलम नोमानी, जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, हसमत अली गुड्डू और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, बीजीसी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

रामनगर विधानसभा क्षेत्र में चौपाल को संबोधित करते सपा नेता गोप।

मामूली विवाद में युवक पर बल्ली से हमला

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : मामूली बात को लेकर सब्जी लेने जा रहे एक युवक को उसके पड़ोसी गांव के युवक ने बल्ली से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मामला कोतवाली रामसनेहीघाट के अंतर्गत कोटवा सड़क का है।

अरविंद पुत्र गुरु वचन हथौन्धा निवासी सब्जी लेने जा रहा था। मामूली बात को लेकर अनिल पासी गांव सोहिलपुर मजरे हथौन्धा ने उसे बांस की बल्ली से मार-मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल अरविंद को अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

कयास किसी को मुफ्त अनाज भा रहा तो किसान छुट्टा पशुओं से हैं परेशान, फ्लाईओवर निर्माण भी है मुद्दा

अभी मतदान हुआ नहीं, शुरू हो गए जीत-हार के चर्चे

चुनावी चौपाल

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे चुनाव प्रचार में तेजी आती जा रही है। इसके साथ ही हर जगह चुनाव की चर्चा में ही लोग मशगूल हैं। राजधानी व रामनगरी अयोध्या से जुड़ी बाराबंकी सीट पर प्रत्याशियों की जीत-हार की चर्चा अभी से शुरू हो गयी है जबकि अभी मतदान हुआ नहीं है।

होटलों और चाय की दुकानों पर लोगों के बीच में चुनाव की ही चर्चा चल रही है। बाराबंकी लोकसभा सीट से इस बार कौन बाजी मारेगा, लोग इसका आंकलन अभी से करने में जुटे हैं। इस बीच लोगों को वोटिंग के लिए जागरूक करने और मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमृत विचार की टीम शनिवार को दरियाबाद पहुंची।

गांव की चौपालों सहित क्षेत्र के होटलों पर हर तरफ चुनाव की ही चर्चा होती दिखी। प्रत्याशियों की जीत-हार के आंकड़ों के साथ लोग चुनाव से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा करते मिले। कोई महंगाई से परेशान है, तो कोई शासन सत्ता का काम से खुश है। किसी को मुफ्त अनाज भा रहा है तो युवाओं के मन में नौकरी न मिलने की जबदस्त टीस है। इसके बाद लोग अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे कर रहे हैं। यहां दरियाबाद रेलवे क्रासिंग पर बनने वाला फ्लाईओवर भी अहम मुद्दा है। बातचीत में सर्वेश ने बताया कि अयोध्या-लखनऊ रेल खंड पर रेलवे लाइन के दोहरीकरण के बाद इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ी है। इसके कारण अक्सर रेलवे क्रासिंग बंद रहती है। इसके चलते स्थानीय नागरिकों सहित आम राहगीरों को परेशानी होती है। ऐसे में यह चुनाव का बड़ा मुद्दा है। वहीं किसान प्रदीप का कहना है कि वह आज अगर किसी चीज से परेशान हैं, तो वह है छुट्टा जानवर। जो किसानों की मेहनत पर पानी फेर देते हैं। फसलों को बर्बाद करते हैं। इसके अलावा लोगों ने बढ़ती महंगाई को भी मुद्दा बताया है। वहीं चुनाव की चर्चा के बीच युवाओं का गुस्सा भी झलका। उन्होंने रोजगार न मिलने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

गौरव का कहना था कि इतना पढ़ने-लिखने के बाद भी उन्हें कहीं नौकरी नहीं मिल रही। इस चुनाव में रोजगार को ध्यान में रखकर ही युवा वोट करेंगे। इस दौरान टीम ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलायी।

चौपाल में मतदान की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

एक नजर

चाकू के साथ दो शातिर पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के दो थाना क्षेत्रों से पुलिस ने दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। सुबेहा पुलिस ने आलोक शुक्ला व बदोसराय पुलिस टीम ने ग्राम मेलारायगंज निवासी रंजीत को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

38 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी पुलिस नेशनिवार को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ थाना क्षेत्र ग्राम डिघांवा निवासी जालिम सिंह को जबकि कुर्सी पुलिस टीम ने ग्राम बेहडपुरवा निवासी पिंटू को 18 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले 25 हजार के इनामी बदमाश को शनिवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोईलावर मांझा निवासी बबलू पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। अयोध्या और रामसनेही घाट एसटीएफ पुलिस टीम ने संयुक्त अभियान चला कर इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उस पर बाराबंकी के रामसनेही घाट थाने में आधा दर्जन से अधिक अलग अलग मामलो में व अयोध्या में लूट की घटना के एक मामले में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के पास से एक बाइक व दो मोबाइल बरामद किये।

सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों पर गैंगस्टर

बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर पुलिस ने युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कस्बा रामनगर के निवासी अनवारुल हक उर्फ बाबा खां व अरमान पर आरोप है कि बीते चार फरवरी को यह लोग एक युवती को बहला फुसला कर घर ले गए थे। इसके बाद उसे बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने दो माह में विवेचना समाप्त कर बीते 27 मार्च को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

विकसित भारत बनाने में कानूनी पेशे की भूमिका अहम: भाटिया

अधिवक्ता समागम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अधिवक्ता समागम को संबोधित करते गौरव भाटिया। अमृत विचार

अमृत विचार : सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया शनिवार को जिला बार सभागार में आयोजित विकसित भारत बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में न्याय प्रणाली के लिए मजबूत, स्वतंत्र और निष्पक्ष नींव की आवश्यकता पर बल दिया।

गौरव भाटिया ने मोदी सरकार द्वारा अंग्रेजो के बनाए कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता कानून को संसद से पारित होने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने भारत के विकास में कानूनी बिरादरी की भूमिका को सराहा और कहा कि वर्षों से न्यायपालिका और बार भारत की न्यायिक प्रणाली के संरक्षक रहे हैं। गौरव भाटिया ने स्वतंत्रता संग्राम में कानूनी पेशेवरों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर, सरदार पटेल आदि का उदाहरण दिया और कहा कि कानूनी पेशे के अनुभव ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का काम किया है और आज की निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली ने भारत में दुनिया का विश्वास बढ़ाने में भी मदद की है।

आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक ओम पाल ने बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए कहा कि अबू धाबी में मंदिर बनना और उसके उद्घाटन में प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी विश्व में भारत की बढ़ती साख का प्रमाण है। नरेंद्र मोदी अगले 25 वर्ष में भारत को दुनिया के विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व विशिष्ट अतिथि एचजीएस परिहार ने कहा कि अधिवक्ताओं की तर्क पूर्ण बहस के चलते ही रामजन्म भूमि पर सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। मंच का संचालन अधिवक्ता राम लखन शुक्ला ने किया। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने नव नियुक्त बार कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप कुमार यादव, मुचकुंद सिंह, रवि सिंह सिसौदिया, अमित शुक्ला, बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, प्रदीप सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनूप यादव, जिला प्रचारक सुदीप, श्रवण सिंह, पीसी राम, देवी शरण गुप्ता, सुनीत अवस्थी, सुषमा शर्मा, सचिन प्रताप सिंह, अनिल पाण्डे, ज्योत्सना पाल और अल्पना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

कार की टक्कर से टैंकर में घुसा ऑटो, 5 घायल

हाईवे पर हुई घटना, तीन जिला अस्पताल में भर्ती, एक रेफर

रामनगर बाराबंकी

हादसे क बाद क्षतिग्रस्त आटो।

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के हाईवे पर ओवरटेक कर रही कार की टक्कर से सवारियों से भरा ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे मिक्सर टैंकर में जा घुसा। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी से चार की हालत नाजुक देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेजा। जहां तीन का उपचार चल रहा है, जबकि एक को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन परिजनों ने उसे जिले के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

कस्बा निवासी राकेश (26) शनिवार को ऑटो रिक्शा से बाराबंकी-लखनऊ हाईवे से सवारियां लेकर रामनगर की ओर आ रहा था। जब वह ग्राम कटियारा क निकट पहुंचे, उसी वक्त ओवरटेक कर रही अज्ञात कार ने आटो में टक्कर मार दी जिससे सवारियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे मिक्सर ट्रेलर में जा घुसा। ऑटो के परखचे उड़ गए। हादसे में ऑटो चालक राकेश व रजनापुर गांव निवासी कुलदीप शुक्ला (30), गोण्डा वजीर गंज के हरिकिशन (28) और उनकी पत्नी रानी (26), थाना टिकैतनगर क्षेत्र के पंकज (22) सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। राकेश, कुलदीप शुक्ला, हरिकिशन और पंकज समेत चार की हालत गंभीर देख डाक्टरों उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं रानी को प्राथमिक उपचार के बाद पति के साथ भेज दिया। जिला अस्पताल में राकेश, हरिकिशन और पंकज का इलाज जारी है। जबकि कुलदीप की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन परिजनों ने उसे जिले के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

अमृत सरोवर घोटाले की जांच ठंडे बस्ते में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

> अमृत सरोवर की बिना खोदाई कराए धनराशि निकालने का मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच के निर्देश दिये जा रहे हैं। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> –अ.सुदन, सीडीओ

अमृत विचार : अमृत सरोवर की खोदाई के दौरान बरती गई अनियमताओं और जांच को गठित की गई टीम की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में है। इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी चुप्पी साधे हैं।

ज्ञात हो कि दरियाबाद विकास खंड के तारापुर ग्राम पंचायत अंतर्गत महादेव अमृत सरोवर की खोदाई के दौरान बगैर काम कराए और दूसरे तालाब का फोटो लगाकर निकाली गई एक लाख इकसठ हजार की धनराशि का घोटाला जब चर्चा में आया तो आनन-फानन में जांच को लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गई। टीम गठित होने के बाद प्रधान समर्थक ने उस तालाब पर मजदूरों को लगाकर काम शुरू कर दिया, लेकिन जब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ तो प्रधान के समर्थक ने गांव के एक व्यक्ति की संदेह के आधार पर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों पर दरियाबाद कोतवाली में अभियोग पंजीकृत हुआ।

इसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। वहीं अगर ग्रामीण सूत्रों की मानें तो यह तारापुर के लिए कोई नया मामला नहीं है। अगर सरकारी कागजों की जांच की जाएगी तो कई मामले खुलेंगे। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच टीम के सदस्यों की चुनाव के दौरान ड्यूटी लगने से जांच प्रभावित है। जल्द ही इस मामले की जांच की जाएगी।

कायाकल्प टीम करेगी सीएचसी का दौरा

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्स (एनक्यूएएस) की कायाकल्प टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करने सोमवार को आएगी। इस दौरान टीम के सर्वे में यदि अस्पताल सर्वोत्तम मिला तो शासन से अस्पताल की रैंकिंग में इजाफा होगा, साथ ही इससे पुरस्कृत किया जाएगा। फंड में भी बढोतरी होगी। चिकित्सकों की संख्या और संसाधन में भी लाभ मिलेगा।

इस बार नए सिरे से अस्पतालों का सत्यापन किया जाना है। पैरामीटर पर खरा उतरने के लिए अस्पतालों को बहुत से बदलाव करने की जरूरत है। शासन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में कायाकल्प के एक टीम का कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग से मिल गया है। ये टीम अस्पताल में पहुंच कर विभिन्न बिंदुओं पर सत्यापन कर, एक रिपोर्ट भी तैयार करेगी। मानक के अनुसार सबकुछ मिलने पर अस्पताल के रैंकिंग में इजाफा होगा।साथ ही एक लाख रुपए का पुरस्कार भी अस्पताल को दिया जाएगा। अस्पताल की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई इत्यादि कार्य पूरें किए जा रहे। इस संबंध में अधीक्षक डा. संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि टीम सम्भवतः सोमवार को आएगी। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पीएम मोदी के कारण किसान खुश

अन्नदाता सम्मेलन

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : हनुमान चौराहे पर स्थित अंबेडकर मैदान पर शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की ओर से अन्नदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि अन्नदाता खुशहाल है, तो पीएम नरेंद्र मोदी के कारण । क्योंकि विभिन्न योजनाओं का सही समय पर संचालन हो रहा है। डिजिटलीकरण से किसानों को उनका संपूर्ण हक भी सीधे उनके खाते में भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत भी पहुंचीं।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि एक वक्त ऐसा भी था, जब कोई पीएम अमेरिका राष्ट्रपति से कोई मिलने जाता था। तो उसे इंतजार करना पड़ता था। लेकिन आज अमेरिका के पीएम व्हाइट हाउस का गेट खोलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हैं। हम यहां उपस्थित अन्नदाताओं से गुजारिश कर रहे हैं कि बेटी बहू के रूप में यहां मौजूद आपकी प्रत्याशी राजरानी रावत को सदन तक पहुंचाएं। वहीं कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू आदि ने भी विचार रखे। सम्मलेन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमरेन्द्र प्रताप सिंह, छोटू सिंह, रंगनाथ त्रिपाठी, जसवंत सिंह, करुणाशंकर आदि थे।

21 चेक पोस्ट पर 54 टीमें कर रहीं निगरानी

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर जिले में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे के लिए एक एक स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार प्रत्येक चेक पोस्ट पर तीन प्रभारी तैनात हैं। यानी कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात किये गये हैं। प्रभारी उड़न दस्ता/स्थायी निगरानी टीम, जिला वन अधिकारी श्री आकाश दीप वधावन ने बताया कि शनिवार को 21 चेक पोस्ट पर कुल 1511 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी।

तीन घरों में आग लगने से हजारों का नुकसान

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौधरी का पुरवा मजरे थलवारा गांव में शनिवार दोपहर लगी आग से तीन घर जलकर नष्ट हो गए। इस अग्निकांड में तीन परिवार पूरी तरह से तबाह हो गए। तन के कपड़ों के सिवाय परिवार के पास कुछ भी नहीं बचा है।

गांव निवासी श्याम लाल, विनोद कुमार, मेवा लाल के घरों में अज्ञात कारण के चलते शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे अचानक आग लग गई। छप्पर युक्त कच्चे घरों में लगी आग ने देखते ही देखते तीनों घरो को अपनी चपेट में ले लिया। घर के अंदर मौजूद पारिवार के लोग किसी तरह भागकर बाहर निकले। अग्निकांड की सूचना तत्काल प्रधान कुंवर रामानंद सिंह द्वारा फायर स्टेशन हैदरगढ़ को दी गई। अग्निकांड के काफी समय बाद पहुंची अग्निशमन दल की छोटी गाड़ी द्वारा आग पर काबू पाने का बहुत प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। बाद में पहुंची दमकल द्वारा आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक गृहस्थी के सामान के साथ-साथ घर भी जलकर नष्ट हो गए।

मैनपुरी में मिला गुमशुदा युवक

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : चार दिन पूर्व घर से ऑफिस के लिए निकला गुमशुदा हुआ युवक शनिवार को मैनपुरी में मिला। थाना लोनी कटरा के छंदरौली निवासी कृपाशंकर बीते मंगलवार सुबह करीब नौ बजे बाइक लेकर हैदरगढ़ क्षेत्र में बारा मोड़ के पास स्थित एक कम्पनी के ऑफिस के लिए निकला था। लेकिन वह न तो ऑफिस ही पहुंचा और न ही घर लौटा था। परिजनों द्वारा कंपनी कर्मचारियों द्वारा बंधक बनायें जाने का आरोप लगाया था। पुलिस उसे लगातार खोज रही थी। मोबाईल की लोकेशन पर पुलिस उसे मैनपुरी जनपद के एक रेस्टोरेंट से लोनीकटरा थाने लाई।

लोकतंत्र के महापर्व में बनें सहभागी : अंशुल

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अवध प्रान्त) एवं टीआरसी लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रान्त संगठन मंत्री एबीवीपी अंशुल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि संयोजक बाराबंकी अनुभाग एबीवीपी पीजे पाण्डेय उपस्थित रहे। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। अंशुल श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र छात्राओं द्वारा मतदान किए जाने से राष्ट्र के निर्माण को नई दिशा व दशा प्रदान होती है। इसलिए लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी अवश्य बनें। विशिष्ट अतिथि पीजे पाण्डेय, छात्र आदित्य नारायण जायसवाल, अंशुमान आदि ने भी सम्बोधित किया। सूर्यांधु शर्मा, जिला संगठन मंत्री आकाश शुक्ला, विभाग संयोजक आदर्श सिंह सहित समस्त प्रवक्ता मौजूद रहे।

जांच पूरी | कब्जे की नीयत से चकमार्ग की करा रहे थे पटाई, पुजारी और ग्रामीणों ने किया था विरोध

मंदिर की भूमि पर जेसीबी चलवाने वाले प्रधान पर कार्रवाई की तैयारी

खबर का असर

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले के प्रसिद्ध सैलानी माता मंदिर की जमीन पर कब्जे की नीयत से जेसीबी चलवाने वाले प्रधान के खिलाफ एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी के आदेश पर शनिवार को राजस्व निरीक्षक अर्जुन प्रसाद, लेखपाल, मनीष कुमार सहित तीन सदस्यीय टीम ने मामले की जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है। पूरे प्रकरण को लेकर प्रधान के खिलाफ मुकदमा लिखने तैयारी चल रही है।

बंकी के डल्लूखेड़ा में सैलानी माता मंदिर परिसर में बीते गुरुवार को प्रधान अपने लोगों के साथ जेसीबी से चकमार्ग पर पटाई का काम कराने पहुंचे थे। संत वासुदेव और ग्रामीणों ने विरोध किया। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो प्रशासन ने इसका संज्ञान लेते हुए शनिवार को जांच कमेटी टीम को स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी। मामले की जांच कर टीम ने रिपोर्ट एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी को सौंप दी है।

परिसर में उखाड़े गए पेड़ और टूटे ट्री गार्ड।

पटाई कार्य दिखाता साधु।

पुलिस ने रुकवाया चकमार्ग की पटाई का कार्य
कार्रवाई
सैलानी माता मंदिर की जमीन पर दबंग कर रहे थे कब्जा
सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार
बीडीओ द्वारा लेखपाल से मेमो लिए बिना मंदिर की जमीन पर चला दी जेसीबी

3 मई व 4 मई को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी

सैलानी माता मंदिर में राजस्व टीम द्वारा जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को सौप दी गई है। चक मार्ग पटाई का कार्य अवैध पाया गया है। ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

–ऋतुराज शुक्ला, नायब तहसीलदार

शत-प्रतिशत मतदान कर बनाएं कीर्तिमान : सीडीओ

बाराबंकी, अमृत विचार : स्वीप गतिविधियो के अंतर्गत शनिवार को केएनएस मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बोधिसत्व यूनिवर्सिटी में नेशनल फिटनेस डे पर मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सीडीओ अ. सुदन ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा 20 जंपिंग जैक, 5 रस्सी एक्टिविटी, 2024 पुशअप किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर कीर्तिमान बनाने का आग्रह किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, एसडीएम सदर श्री विजय कुमार त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

संस्कार ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल को मिला राष्ट्रीय प्रधानाचार्य अवॉर्ड

स्वामी विवेकानंद अवॉर्ड प्राप्त करती संस्कार ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल उमा सिंह। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : संस्कार ग्लोबल स्कूल कुर्सी रोड, अमरसंडा, निंदूरा की प्रिंसिपल उमा सिंह को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया गया। लखनऊ के द सेंटम गोल्फ सिटी में आयोजित समारोह में उनहें स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्रधानाचार्य अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के लिए दिया गया। उमा सिंह सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन भी हैं। वह विभिन्न विद्यालयों में जाकर शिक्षा के नवाचार को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर, निदेशक सिंह संजय सिंह, विनय सिंह, चन्दन सिंह ने अवॉर्ड मिलने पर प्रिंसिपल को बधाई देते हुए सम्मानित किया।

श्री श्याम महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में झूमे भक्त

खाटू श्याम का पूजन करते श्रद्धालु।

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : खाटू श्याम सेवा समिति मौसण्डा के ओर से शुक्रवार की रात कस्बा के रामलीला मैदान में श्रीश्याम महोत्सव के तहत भजन संध्या आयोजित हुई। श्याम प्रेमियों ने भजनों की प्रस्तुति दे, बाबा की महिमा के गुणगान करके भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उधर पंडाल में सजे खाटू दरबार में सिर झुका कर भक्तों ने सुख–समृद्धि की कामना की। प्रधान अरविंद कुमार गुड्डू ने विधि विधान से पूजन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात जेएमडी इंटरनेशनल जागरण पार्टी के गायक श्याम प्रेमी राजन रस्तोगी, अयोध्या के गायक अतुल शर्मा, गायिका अनुष्का यदुवंशी ने कई भजन प्रस्तुत किए। वहीं लखनऊ के राहुल काल भैरव इंटरनेशनल झांकी ग्रुप, कानपुर की ओर से गणेश, शंकर पार्वती, 32मुखी मां काली विराट स्वरूप व 11 माताओं की झांकियां दिखाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सरोज कुमार, राहुल मौर्या, संजय पाण्डेय, पन्नालाल विश्वकर्मा, जितेन्द्र मौर्या, विकास मौर्या, कमलेश, नितिन मौर्या, जागेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शोभायात्रा

निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के बांका नगर डिंगरी गांव में श्री राम कथा के दूसरे दिन शनिवार को नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले शोभायात्रा निकाली गयी। जो निंदूरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। यज्ञ मंडप से प्रारंभ हुई शोभायात्रा अकामबाघाट, लुल्लापुर, बिजौली वापस यज्ञ मंडप पर पहुंची। उसके बाद शास्त्री वेद प्रकाश द्वारा नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। शनिवार को दोपहर में कथा व्यास वेद प्रकाश ने माता सती पर कथा सुनाई। आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव, अखिलेश व क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रुपये निकालने बैंक गई महिला लापता

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : घर से रुपये निकालने बैंक गयी एक महिला लापता हो गई। पति ने हत्या की आशंका जाहिर की है। एसपी के आदेश पर कोठी पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। मामला कोठी थाना क्षेत्र के अंर्तगत बुधनई गांव का है। चंद्रशेखर ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर कोठी कस्बा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में उनकी पत्नी उर्मिला रुपए निकालने गई थी। जहां से वह लापता हो गई। तलाश के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने उसकी हत्या व अपहरण होने की आशंका जताते हुए मामले की कोठी थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद मामले की शिकायत पीड़ित ने एसपी से की। एसएचओ कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

बैठक में संगठन विस्तार और शिक्षक हित पर हुई चर्चा

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ की स्थानीय ब्लॉक इकाई की नवीन गठित कार्यकारिणी की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में संरक्षक श्रवण शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। इसमें श्रवण कुमार शुक्ल द्वारा कार्यकारिणी के विस्तार और शिक्षक हित पर चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, ब्लॉक मंत्री कुलदीप मिश्रा, सुजीत, अमरेंद्र, सितेश, ओमप्रकाश, विवेक, अभिषेक, कुलदीप, शैलेंद्र मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में घर में घुसकर पीटा, 10 पर केस दर्ज

सिद्धौर बाराबंकी, अमृत विचार : सिद्धौर क्षेत्र डोमन गढहा में शुक्रवार की देर शाम पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर विपक्षियों ने पीड़ित को घर में घुसकर मारा पीटा। शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। गांव के निवासी शैलेंद्र यादव का कहना है शुक्रवार की रात वह पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था। जहां पर विपक्षियों अखिलेश, गजराज, रामकुमार, राहुल, संदीप, दिनेश, रवि, अनीता, सुनीता, उर्मिला ने गाली गलौज की। मना करने पर घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान मोबाइल तथा मां की कान की बाली भी गायब हो गई। पीड़ित की मां के भी गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने उसे सीएचसी सिद्धौर में भर्ती कराया है। गंभीर चोटे होने के कारण मां कोजिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पीड़ित ने बताया दो दिन पहले इस मामले में सिद्धौर चौकी पर सुलह समझौता हुआ था उसके बाद निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। सिद्धौर चौकी इंचार्ज नीरज कुमार ने बताया की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है जांच की जा रही हैं।

विभिन्न स्थानों पर दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : विषाक्त पदार्थ खाने के बाद दो लोगों की स्थिति काफी बिगड़ गई। प्राइवेट अस्पताल में उपचार क़े उपरांत दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल को भेज दिया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गोवा मंझारा की नैंसी (14) पुत्री मुकेश ने शुक्रवार को गुस्से में आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। जब हालत बिगड़ी तो परिजन उसे एक निजी क्लीनिक पर ले गए। हालत में सुधार न होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर दूसरी घटना रामनगर थाना क्षेत्र के पृथ्वी पुरवा गांव की है। शनिवार की सुबह यहां पारिवारिक कलह के चलते मनीराम (18) पुत्र खुशीराम ने भी खेत पर डालने वाले एक कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया।

11 जुआरी गिरफ्तार, 67 हजार की नकदी बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को शिवालिक रेजीडेन्सी होटल मयूर कालोनी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 156 अदद ताश के पत्ते और कुल 67,170 रूपये बरामद कर अ सार्वजनिक जुआ अधिनियम समेत अन्य धायाओं में केस दर्ज किया है।

61 लीटर कच्ची शराब बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस व आबकारी टीम ने शनिवार को विभिन्न स्थानों से 61 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान 80 किलो महुआ का लहन नष्ट किया गया। ग्राम ताईकला, मित्तई थाना देवा, ग्राम आल्हनमऊ, ईरशाद नगर थाना टिकैतनगर, ग्राम पचेरुआ, दतौली थाना हैदरगढ़, ग्राम साढेमऊ थाना फतेहपुर ग्राम मुस्कबाद थाना सफदरगंज, ग्राम गोवा मंझारा, झंझारा चौराहा, भिखारीपुर थाना रामनगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 4 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 61 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। मौके पर लगभग 80 किलो महुआ लहन भी नष्ट किया गया।

चेयरमैन व ईओ ने लगाए पौधे

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मेरा आगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत आदर्श नगर पंचायत के अंत्येष्टि स्थल के पार्क में चेयरमैन रामशरण पाठक के साथ ईओ अशोक कुमार ने शनिवार को विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर लोगो को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। रामशरण पाठक ने पौधा रोपण के दौरान कहा कि पेड़–पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है इससे वातावरण में शुद्धता आती है।

रामलला का दर्शन कर रामपथ पर उतरेंगे पीएम मोदी

दो किमी के रोड शो से बनाएंगे चुनावी माहौल, राम जन्मभूमि परिसर में गेट नंबर 11 से प्रवेश करेंगे

▸▸ पीएम के आगमन और प्रस्थान के डेढ़ घंटे पूर्व हाईवे पर वाहनों का आवागमन रोका जाएगा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। आशीर्वाद लेकर रामपथ पर उतरेंगे। सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी रोड शो में जनता का अभिवादन कर चुनावी माहौल बनाएंगे।

पीएम मोदी शाम लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बताया गया है कि वह हेलीकाप्टर से साकेत महाविद्यालय पहुंच सकते हैं। यहां से राम जन्मभूमि परिसर में गेट नंबर 11 से प्रवेश करेंगे। इसके बाद राम मंदिर पहुंचेंगे। रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद राम मंदिर के गेट के सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किलोमीटर के रोड शो के लिए राम पथ पर उतरेंगे। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे। रामनगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। राम मंदिर के गेट नंबर 11 पर फूलों से तोरण द्वार बनाया गया है। यहां से राम मंदिर तक भगवान के चित्र और धार्मिक प्रतीक चिह्न लगाए गए हैं।

राम मंदिर के गेट को आकर्षक फूलों से सजाया गया। अमृत विचार

फ्लैग मार्च निकालते एटीएस के जवान। अमृत विचार

मंदिर जाने वाले मार्ग पर बिछाई रेड कारपेट

राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश के बाद राम मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर लाल कारपेट बिछाया गया है। श्री राम मंदिर के दक्षिणी गेट पर प्रवेश के समय वैदिक आचार्यों से स्वस्तिवाचन, शंखनाद के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोग फूलों से स्वागत करेंगे।

गर्भगृह में उतारेंगे रामलला की आरती

राम मंदिर में प्रवेश के बाद प्रधानमंत्री गर्भगृह में रामलला की आरती उतारेंगे। इस दौरान मुख्य पुजारी सहित लगभग 11 आचार्य मौजूद होंगे। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि प्रधानमंत्री के राम मंदिर में आगमन को लेकर तैयारी कर ली गई है।

सख्त सुरक्षा घेरे में जकड़ी अयोध्या, कमांडो व दस्तों ने संभाली कमान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में रोड शो करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर पूरे कार्यक्रम क्षेत्र को सख्त सुरक्षा घेरे में जकड़ा गया है। एडीजी जोन के साथ केंद्रीय सुरक्षा व खुफिया अधिकारियों की निगरानी में पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स व कमांडो के साथ दस्तों ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। सरयू में निगरानी का जिम्मा जल पुलिस व एसडीआरएफ के साथ पीएसी बाढ़ राहत दल और हवाई निगरानी का जिम्मा एंटी ड्रोन सिस्टम को सौंपा गया है। पीएम के आगमन और प्रस्थान तथा कार्यक्रम के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि पुलिस की ओर से कोई रूट डाइवर्जन जारी नहीं किया जाएगा। जनपद और परिक्षेत्र में उपलब्ध पुलिस फोर्स के साथ सीआरपीएफ, पीएसी और पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, एएसपी, डिप्टी एसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक समेत 2500 आरक्षियों को तैनात किया गया है। एडीजी जोन लखनऊ अमरेंद्र प्रसाद सेंगर ने बताया कि प्रोटोकाल के अनुपालन के लिए आवश्यक हिदायत दी जा चुकी है। किसी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

जांच-तलाशी में जुटे एंटी माइन समेत अन्य दस्ते

सुरक्षा के लिए मैन होल खुलवाकर की गई जांच।

खुफ़िया कर्मियों की निगरानी में पूरे कार्यक्रम क्षेत्र में एंटी माइन समेत अन्य दस्तों को जांच-तलाशी के लिए लगाया गया है। रामपथ पर सीवर लाइन के मेन होल के ढक्कनों को निकलवाकर और सड़क से लेकर सजावट में लगे फूल-माला की तलाशी कराई जा रही है। होटल-धर्मशाला, लाज, गेस्ट हॉउस में भी जांच की जा रही है।

आज 12 बजे के बाद बंद रहेगा वीआईपी दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : रविवार को 12 बजे के बाद श्रीराम मंदिर में रामलला का वीआईपी दर्शन बंद रहेगा, लेकिन सामान्य रूप से श्रद्धालुओं का दर्शन जारी रहेगा। यह कदम पीएम मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी शाम को अयोध्या पहुंचेंगे। वह पहले राम लला का दर्शन करने गेट नंबर 11 से जा सकते हैं। इसके मद्देनजर 12 बजे के बाद वीआईपी दर्शन के लिए जाने वाले वाहनों का जाना रोक दिया जाएगा, लेकिन सामान्य श्रद्धालु दर्शन के लिए आते जाते रहेंगे। हालांकि अफसर इस पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर की गई डबल बैरिकेडिंग।

हूटर बजाते निकला काफिला, हुआ फ्लीट रिहर्सल

पीएम की सुरक्षा तैयारियों को लेकर शनिवार देर शाम को फ्लीट रिहर्सल कराया गया। हवाई अड्डे पर अधिकारियों की ब्रीफिंग के बाद वाहनों का काफिला हूटर बजाते हुए निकला तो ड्यूटी में लगाए गए जवानों और अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया। रिहर्सल में विभिन्न सुरक्षा दस्तों के वाहन समेत जैमर आदि शामिल रहा।

सपा-बसपा आमने-सामने, फूलपुर के दोनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर छठवें चरण में 25 में को मतदान होना है। शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन को लेकर काफी गहमा गहम रही। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी समेत कई अन्य दलों के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य और बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल एक साथ समर्थकों ने नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों प्रत्याशियों के समर्थक नारेबाजी करने लगे जहां एक तरफ अखिलेश यादव जिंदाबाद तो दूसरी तरफ मायावती के नारे जमकर लगाए जा रहे थे। बसपा के समर्थक ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे थे। सड़क पर नाचते झूमते दिखाई दिए। वहीं इलाहाबाद से बसपा प्रत्याशी रमेश सिंह पटेल ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मालूम हो कि 6 मई तक नामांकन होना है। रविवार होने की वजह से नामांकन की प्रक्रिया बंद हो जाएगी। इसलिए नामांकन करने के लिए सिर्फ दो दिनों का समय मिला था। शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर लगी काफी भीड़ ज्यादा देखी गई। इसको लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम पहले से किए गए थे। सुबह 11:00 से शाम दोपहर 3:00 बजे तक नामांकन करने का समय निर्धारित किया गया था। इसी समय के बीच लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

सपा से नामांकन करते अमरनाथ मौर्य।

बसपा से जगन्नाथ पाल नामांकन कर बाहर निकलते हुए।

अमरनाथ मौर्य ने दो सेट लगी दाखिल किया पर्चा

फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन की मौजूदगी में सैकड़ो कार्यकर्ता नामांकन करने के दौरान मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर माधुर ने बताया कि पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्धकी की एवं सोराव की विधायिका गीता शास्त्री प्रस्तावक रही है।

डॉ. देवेश विवि के ओडीएल की विद्या परिषद में नामित

प्रयागराज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी को डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर के दूरस्थ शिक्षा संस्थान के सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित विद्या परिषद का सदस्य नामित किया गया है। राष्ट्रपति के अनुमोदन पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने डॉ त्रिपाठी को नामित किया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ अनिल सिंह भदौरिया ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। डॉ त्रिपाठी लगभग 20 वर्षों से दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनके 47 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने 56 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं सेमिनार में सहभागिता की है। उन्होंने प्रबंधन विषय से संबंधित पांच पुस्तकों की रचना की है। दूरस्थ शिक्षा में अध्यनरत वाणिज्य तथा प्रबंधन के छात्रों के लिए उन्होंने 50 से अधिक विषयों पर पाठ्य लेखन किया है, जिसे मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किया गया है। डॉ त्रिपाठी के निर्देशन में कई विद्यार्थी महत्वपूर्ण विषयों पर शोधरत हैं।



पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, पैर में लगी गोली

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: बीते दिनों थरवई इलाके में अपहरण और हत्या कांड के मामले फरार चल रहे अआरोपियों और पुलिस के बीच शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ हो गयी। जिसमे बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गयी। जिन्हे पुलिस ने इलाज के एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस घटना के बाद से ही तीनों की तलाश कर रही थी।

पुलिस के मुताबिक थरवई के मलाका पुलिया के समीप शुक्रवार की रात पुलिस भारी वाहनो की चेकिंग कर रही थी। उसी वक्त पुलिस की चेकिंग देखकर कार सवार बदमाश भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और घेराबंदी करना शुरु कर दिया। जिसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर कई राउंड फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की तो दो बदमाशों में अजय पटेल और दिलीप पटेल के पैर में गोली लग गयी। वहीं एक बदमाश मौके से भाग निकला।

कामयाबी

▸▸ अपहरण और हत्याकांड में चल रहे थे फरार

पुलिस ने उसका भी पीछा कर उसे पकड़ लिया।

गोली लगने से घायल बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया और इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए तीनों बदमाश थरवई में हत्या और अपहरण के मामले में फरार चल रहे थे। मामले में गंगा नगर डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि पकड़े गए लोगो से पूछताछ की जाएगी। अभी उन्हे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पूछताछ में कई घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

सार-संक्षेप

आज बादल छाए रहने की संभावना

अयोध्या। बीते एक सप्ताह तक 40 से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने वाले तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को दिन में तीखी धूप थी, लेकिन दोपहर बाद मौसम में हल्की नरमी आई। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 38 .5 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 16 .5 दर्ज हुआ। डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

हैदरगंज। हैदरगंज थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय एक युवक का शव घर में फंदे से लटकता मिला। घटना शुक्रवार की देर रात गौहानी खुर्द गांव की है। सुखदेव पुत्र दीनदयाल विश्वकर्मा का शव घर के अंदर बने एक कमरे में छत के बयालों में रखी बल्ली में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। परिवार के लोगों ने उसे उतार कर आनन फानन में सीएचसी रमवाकलां पहुंचाया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया सुखदेव की शादी दिसंबर में हुई थी तभी से वह परेशान रहता था। निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

चालकों और परिचालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल, रौजागांव में शनिवार को 20 वाहन चालकों और परिचालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने टीम के साथ जांच किया और जरूरी सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि इस समय धूप का असर वाहन चालकों की आंखों पर पड़ रहा है। इसलिए आंखों की सुरक्षा हेतु इसकी जांच आवश्यक है। इस दौरान चालकों को निशुल्क चश्मा और कैल्शियम और मल्टीविटामिन की गोलियां वितरित की गई। प्रिंसिपल डॉक्टर भावना मिश्रा ने बताया की 4 मई तक विद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

माधव ज्ञान केन्द्र में शिक्षिका निशि शर्मा का हुआ सम्मान



नैनी, अमृत विचार : अखिल भारतीय आचार्य/आचार्या निबन्ध प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर माधव ज्ञान केन्द्र नैनी प्रयागराज की शिक्षिका निशि शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर पांचवा स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर समिति व विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी और सम्मान किया। विद्या भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय आचार्य/आचार्या निबन्ध प्रतियागिता का आयोजन किया गया, जिसके परिणाम की घोषणा करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने बताया कि 'विश्व पटल पर भारत का बढ़ता प्रभाव' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में देश भर के विद्या भारती शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें क्रमश: विद्यालय, संकुल, प्रान्त, क्षेत्र स्तर के बाद अखिल भारतीय स्तर पर निबन्धों का चयन किया गया। इसमें काशी प्रान्त पूर्वी उ0प्र0 के अन्तगर्त इस विद्यालय की शिक्षिका निशि शर्मा को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर उन्हें विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र द्वारा प्रमाण पत्र व पन्द्रह सौ रूपये का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आचार्य निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता सम्पूर्ण देश के विद्या भारती से सम्बद्ध एवं सम्पर्कित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होती है, जिसका मूल्यांकन देश भर की प्रान्तीय समितियों द्वारा होता है। प्रत्येक समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरान्त श्रेष्ठ पांच निबन्धों को राष्ट्रीय कार्यालय कुरूक्षेत्र को भेजा जाता है। कुरूक्षेत्र में प्राप्त श्रेष्ठ 177 निबन्धों में संस्थान के निर्णायक मंडल द्वारा 11 निबन्धों का चयन किया जाता है। इस उपब्धि पर शनिवार को विद्यालय की वंदना सभा में प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक शिव कुमार पाल, प्रधानाचार्य डॉ विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा भी निशि शर्मा को सम्मानित किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया जेल का निरीक्षण

नैनी,प्रयागराज। अमृत विचार : शनिवार को कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एमके गुप्ता द्वारा संजय सिंह सदस्य सचिवउत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला जज सन्तोष राय, सीजेएम प्रयागराज शशि कुमार, डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल, डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा पांडेय, सीएमओ प्रयागराज डाआशु पांडेय, निश्चल शुक्ला उप सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, सुर्जन सिंह उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के साथ केन्द्रीय कारागार नैनी का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षणके क्रम में बन्दियों की विधिक समस्याओं के साथ अन्य बुनियादी समस्याओं से सम्बंधित पहलुओं की समीक्षा किया गया। निरीक्षण के समय कारागार के अधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से विकास गुप्ता, लवलेश त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ज्वैलरी की दुकान से सोने की चार लॉकेट लेकर फरार

नैनी,प्रयागराज। अमृत विचार : नैनी कोतवाली के काजीपुर मोहल्ले में शनिवार देर शाम ज्वैलरी है दुकान पर आभूषण लेने पहुंचे टप्पेबाज ने लॉकेट देखने के बहाने सोने की चार लॉकेट लेकर भाग निकला। जानकारी के मुताबिक करैलाबाग के रहने वाले त्रिभुवन नाथ सोनी की नैनी काजीपुर में ज्वैलरी की दुकान है। वह रोज की तरह अपनी दुकान पर गये हुए थे। शनिवार की देर शाम एक युवक टोपी लगाकर उनकी दुकान पर पहुंचा और सोने की आठ लॉकेट निकलवाया। इसके बाद वह बहाने से चार लॉकेट पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान दुकान मालिक त्रिभुवन ने शोर मचाया। घटना की जानकारी पर पहुंची नैनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालते हुए टप्पेबाजो की तलाश शुरु कर दी है। वही घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में दी है।

चाचा-भतीजे की सरकार ने किया शिक्षा से खिलवाड़ : एके शर्मा

कोरांव/नैनी, प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में मेजा और कोरांव विधानसभा में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही यह सिद्ध हो गया है कि विजय निश्चित हमारी ही होगी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि चाचा-भतीजे की सरकार ने शिक्षा से खिलवाड़ किया है। आज हमारी सरकार ने गुंडाराज खत्म करने का काम किया, तो वहीं विपक्षी सरकार ने गुंडों को पालने और संरक्षण देने का काम किया। आज गुंडागर्दी करने से पहले योगी का बुलडोजर याद आ जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड आज गरीबों का सहारा बना है। गरीबों को राशन, गैस सिलेंडर तमाम योजनाएं चल रही है, यह सब विकास केवल भाजपा में ही संभव है। प्रदेश में एम्स, इंजीनियरिंग कॉलेज को बहुत ज्यादा खोला गया हैं। हमारी सरकार ने गुंडाराज खत्म करने का काम किया है तो वहीं विपक्षी सरकार ने गुंडा पालने का काम किया था। आज किसी को गुंडागर्दी करने से पहले योगी का बुलडोजर याद आ जाता है। यह सब आप सभी और जनता के द्वारा बीजेपी के पक्ष मे मतदान के कारण हुआ। अबकी बार 400 पार को संकल्पबद्ध होकर मतदान करें। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा कि साथियों हम सभी को अंधभक्त बनना है क्योंकि इस भक्ति से देश का विकास बहुत तेजी से हुआ हैं। ऐसी अंध भक्ती सभी को करना चाहिए, जिससे देश का विकास हो। कार्यक्रम में सांसद रीता बहुगुणा जोशी भी मौजूद रहीं। मंच का संचालन मेजा विधानसभा प्रभारी राय चंद दुबे, संयोजक विक्रमादित्य मौर्य ने किया।

▸▸ मेजा और कोरांव विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित

इस अवसर पर योगेश शुक्ला, राजमनी कोल, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, आनंद कुमार पांडे, जयशंकर पांडे, नरेंद्र देव पांडे, रहीस शुक्ला, सुशील मिश्रा, प्रेमशंकर शुक्ला मुन्नन शुक्ला, इंद्रदेव शुक्ला, मांडवी शरण द्विवेदी, जयकांत मिश्र, कृष्णदास गुप्ता, राजेश पांडे, आशुतोष तिवारी टिंकू, पंकज तिवारी, अशोक सिंह, अरुण कुमार सिंह, सुधाकर पांडे, लखन केशर, आमिर टंकी, जय सिंह पटेल, अंकित पांडे, हृदयेश मिश्रा, डॉक्टर अमरेश तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, राजीव तिवारी, विभूति नारायण सिंह, नीरज द्विवेदी, सुबह लाल प्रजापति, विपिन पांडे सहित जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर फटने से घर में लगी आग, कई झुलसे

कौशांबी, अमृत विचार : जिले के बेरौचा मजरा सोनवारा गांव में शनिवार दोपहर अचानक सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने के मजके पर अफरा तफरी मच गयी। घटना में कई लोग झुलस गये। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं झुलसे लोगों को इलाज के लिए भेज दिया गया। कौशांबी के बेरौचा मजरा सोनवारा गांव में शनिवार दोपहर सुरेश पाल पुत्र सोनवार के घर में अचानक गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटते ही हफकंप मच गया। घटना कर बाद धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। मौके पर रही पुलिस ने झुलसे लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। झुलसे लोगों में दिलीप पाल, संदीप पाल और शिमला देवी गंभीर रूप से झुलस गए।

उपलब्धि डेढ़ करोड़ के पार जा चुका सामान्य श्रद्धालुओं का आंकड़ा, 72 दिन बाद पहुंच रहे पीएम मोदी, राष्ट्रपति आ चुकी हैं अयोध्या

अयोध्या के नाम दर्ज हो गया वीआईपी रिकार्ड

66 दिन में दो हजार वीवीआईपी व 1.5 लाख वीआईपी पहुंचे अयोध्या

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या के नाम एक वीआईपी रिकार्ड भी दर्ज हो गया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा 66 दिन में दो हजार से ज्यादा वीवीआईपी और डेढ़ लाख वीआईपी के अयोध्या पहुंचने का आंकलन है। यह किसी एक स्थान पर आने वाले विशिष्ट महानुभावों का रिकार्ड माना जा रहा है।

श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ हुई। अफसरों से सीएम योगी तक को आना पड़ा। ट्रस्ट और प्रशासन ने अपील की कि बाहर के श्रद्धालु अभी सप्ताह भर अयोध्या न आएं। यह क्रम फरवरी के अंतिम तक बरकरार रहा। मार्च में फिर भीड़ आने का दौर शुरू हुआ। तीन महीने में ही श्रद्धालुओं की संख्या का आंकड़ा डेढ़ करोड़ पहुंच गया। अब इससे ऊपर है। प्राण प्रतिष्ठा के पहले वीवीआईपी और वीआईपी के आंकड़ों को छोड़ भी दें तो मार्च से ही वीवीआईपी और वीआईपी का आना शुरू हुआ। अब 66 दिन बीत गए। कहीं दर्ज हो या न हो लेकिन सामान्य श्रद्धालुओं से इतर इन 66 दिनों में जितने वीवीआईपी और वीआईपी अयोध्या पहुंचे, वह एक स्थान पर आने वाले विशिष्टजनों के आगमन का एक रिकार्ड है। देश के भाजपा शासित ज्यादातर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में सरकारें रामलला के दरबार में पहुंचीं। सूत्रों के मुताबिक एक दल में 25 से 60 लोग तक शामिल रहे। चुनाव घोषणा हुई, सरकारों के आने का दौर थमा तो प्रदेशों के राज्यपाल अयोध्या पहुंचने लगे। सूत्र बताते हैं कि अब तक 20 की संख्या में प्रदेशों के राज्यपाल और केंद्र शासित राज्यों के ले. गर्वनर यहां पहुंच चुके हैं। 11 मई तक राज्यपालों के आने का कार्यक्रम आ चुका है। केंद्रीय, प्रदेशों के मंत्री और सांसद, विधायक की संख्या भी सैकड़ों में है। वीआईपी की संख्या इससे अलग है। मार्च में प्रतिदिन चार से पांच सौ की संख्या में प्रदेश और बाहर के वीआईपी का दल यहां पहुंच रहा था। सूत्रों का कहना है कि मई में भी छुट्टियों को छोड़ दिया जाए तो डेढ़ से दो सौ की संख्या में वीआईपी पहुंच रहे हैं। एक आंकलन के मुताबिक इन 66 दिनों में दो हजार से ज्यादा वीवीआईपी और लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा वीआईपी अयोध्या पहुंचे। वीआईपी में वरिष्ठ अफसरों के साथ अन्य लोग होते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने एक मई को अयोध्या का भ्रमण किया। पीएम मोदी रविवार पांच मई को रोड शो के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र बताते हैं कि वीवीआईपी व वीआईपी की गणना नहीं है। पहले चार से पांच सौ की संख्या में वीआईपी रोज पहुंच रहे थे।

बनानी पड़ी वीआईपी के लिए सेल

वीवीआईपी की जिम्मेदारी तो जिला प्रशासन के अफसर संभालते हैं, लेकिन वीआईपी की संख्या बढ़ने पर सवा महीने पहले सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में 12 कर्मचारियों की पूरी सेल बनानी पड़ी। यह सेल देश भर से आने वाले वीआईपी को दर्शन कराने और वापस भेजने की जिम्मेदारी निभाती है। इनमें ज्यादातर दर्शन के बाद उसी दिन वापस लौट जाते हैं।

वीवीआईपी से भरा रहता है सर्किट हाउस

अक्सर वीवीआईपी से सर्किट हाउस भरा रहता है। सर्किट हाउस में लगभग डेढ़ दर्जन कमरे हैं। राज्यपाल और दूसरे वीवीआईपी के लिए इन्हें बुक किया जाता है। ज्यादातर समय यह भरे रहते हैं। कभी-कभी बाहर भी व्यवस्था करनी पड़ती है। सर्किट हाउस में ठहरने के लिए वीआईपी का नंबर नहीं आता है।

एक नजर

माननीयों के केस में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को भी अदालत का प्रभार किसी न्यायिक अधिकारी को न मिलने के कारण सुनवाई टल गई। आप पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के केस में सुनवाई के लिए 16 मई, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य में 21 मई, पूर्व विधायक सफदर रजा में 14 मई, वहीं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के केस में सुनवाई 21 मई की तारीख नियत की गई है।

घर से लापता हुई चौकीदार की पुत्री, केस दर्ज

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र एक गांव निवासी चौकीदार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की शौच करने के लिए घर से बाहर गई थी। वहां से वह लौटकर वापस नहीं आई। पीड़ित पिता का कहना है कि उसकी बेटी के पर्स में कई मोबाइल नंबर मिले। जिस पर फोन मिलाने पर वह स्विच ऑफ बता रहा था। पिता के दिये तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अगवा करने का मुकदमा दर्ज किया है।

समाज सेविका ने महिला का कराया प्रसव

सुलतानपुर, अमृत विचार : रुद्र नारी उत्थान सेवा समिति की अंबेडकर नगर प्रभारी व जिले की सहसचिव शालिनी गौड़ ने गरीब महिला का सुरक्षित प्रसव कराया है। शालिनी को जानकारी हुई कि एक गरीब परिवार की महिला प्रसव पीड़ा से जूझ रही है। इस पर उन्होंने तुरंत एंबुलेंस को सूचित कर महिला के घर पहुंच गई। एंबुलेंस से महिला को सीएचसी मोतिगरपुर ले गई जहां महिला चिकित्सक डॉक्टर बिंदु से बातकर महिला का प्रसव कराया। अब महिला और शिशु दोनों स्वस्थ है।

भारी समर्थकों के संग सपा प्रत्याशी ने भरा पर्चा

कलेक्ट्रेट गेट पर प्रस्तावकों को अंदर भेजने के लिए पुलिस अधिकारियों से सपा नेताओं की हुई नोकझोंक

नामांकन

▸▸ अब तक बिखरा दिखा कुनबा नामांकन में साथ नजर आया

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद ने शनिवार को खुली जीप में लाव-लश्कर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। अब तक बिखरा दिखा सपा का कुनबा शनिवार को नामांकन के दौरान एक नजर आए। टिकट कटने के बाद लगातार बगावत करने वाले भीम निषाद और विधायक मो. ताहिर खान पार्टी प्रत्याशी को बुके भेंट कर स्वागत किया।

नामांकन के दौरान भारी संख्या में सपा और कांग्रेस के समर्थक उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट में सपा प्रत्याशी ने पूर्व विधायक अनूप संडा व अरुण वर्मा के साथ पर्चा दाखिल किया, जबकि पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय, ताहिर खान, भगेलू राम व जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। नामांकन के बीच कलेक्ट्रेट गेट के बाहर सपा प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी होती रही। पुलिस-प्रशासन मौके पर पूरी तरह मुस्तैद रहे। वहीं, सपा प्रत्याशी ने नामांकन के बाद भाजपा पर जमकर हमला बोला।

शनिवार को समाजवादी पार्टी से रामभुआल निषाद पुत्र जगदीश द्वारा 02 सेट, राष्ट्रीय डेमोक्रेटिक फ्रंट से शशांक कुमार मिश्रा द्वारा 02 सेट, विश्व बंधुत्व पार्टी से सुधीर कुमार सिंह द्वारा 01 सेट, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डिया से डॉ शिव शंकर इण्डियन द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी में पूनम पत्नी स्व रमेश द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के छठवें दिन तक कुल-13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

नामांकन के छठवें दिन नामांकन कक्ष से 03 निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा 03 नामांकन पत्र क्रय किया गया, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी बृजेश कुमार यादव द्वारा 01 सेट, ब्रह्मदेव चतुर्वेदी द्वारा 01 सेट तथा उदयराज वर्मा द्वारा 01 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। इस प्रकार नामांकन के छठवें दिन तक कुल 35 राजनीतिक/गैर राजनीतिक दलों द्वारा कुल 59 नामांकन पत्र क्रय किये गये हैं।

कलेक्ट्रेट में नामांकन करते सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद। अमृत विचार

कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस अधिकारियों और सपा नेताओं हुई नोंकझोक।

जब मोदी की जीत तय नहीं तो मेनका की कैसेः निषाद

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा प्रत्याशी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जब पीएम मोदी की जीत तय नहीं है तो मेनका गांधी पहले से कैसे अपने आप को विजयी मान रहीं हैं। उन्होंने मेनका द्वारा निषादों के हित में किए गए कार्यों के बयान को लेकर कहा कि भाजपा सांसद मेनका गांधी ने सुलतानपुर जिले के निषादों के हित के लिए कोई भी कार्य नहीं किया। एक अदद बाधमंड़ी को लेकर सांसद ने दो गुटों में विवाद कराया। इतना ही नहीं उन्होंने निषादों के आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा को आड़े हाथों लिया। इलेक्ट्रोलर बांड को लेकर रामभुआल ने बीजेपी पर बीफ कारोबारी से चंदा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस बार सुलतानपुर में सपा चुनाव जीतेगी। भीम निषाद के बारे में सपा प्रत्याशी ने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

गठबंधन प्रत्याशी पर आठ मुकदमे दर्ज, असलहों के भी शौकीन

सुलतानपुर, अमृत विचार : नामांकन में जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना को दिए गए शपथ पत्र के अनुसार सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद के खिलाफ आठ मुकदमे गोरखपुर जिला न्यायालय में विचाराधीन है। रामभुआल के खिलाफ पहला मुकदमा 1996 में गाली -गलौज व धमकी, दूसरा मुकदमा 1996 में घोर उपहति की तैयारी के साथ चोरी, तीसरा 1997 में गैंगस्टर का, चौथा 2008 में बलवा हत्या के प्रयास, 5वां 2008 में बलवा मारपीट व तोड़फोड़ का थाना बढ़हलगंज गोरखपुर में दर्ज हुआ था। वर्ष 2012 में छठा मुकदमा गोरखपुर के बेलीपार थाने में बलवा, मारपीट, गाली गलौज में दर्ज हुआ। 7वां मुकदमा 2020 में बड़हलगंज थाने में धोखाधड़ी कूट रचना और 8वां मुकदमा 2021 में धरना प्रदर्शन सड़क जाम सरकारी कार्य में बाधा का खोराबार जिला गोरखपुर में दर्ज हुआ था। मुकदमों के संबंध में गठबंधन प्रत्याशी रामभुआल निषाद ने बताया की सभी मुकदमे राजनीति से प्रेरित है।

30 लाख के मालिक हैं सपा प्रत्याशी

सुलतानपुर, अमृत विचार : इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी से नामांकन करने वाले गोरखपुर के डवनाडीह तहसील गोला, गोरखपुर निवासी राम भुआल निषाद की बैंक खातों, असलहा, खेती योग्य भूमि, पुरानी गाड़ी व मकान को मिलाकर कुल 30 लाख 23 हजार 151 रुपए के मालिक है। जबकि इनकी पत्नी के नाम अधिक संपत्ति है। नामांकन में जिला निर्वाचन अधिकारी को दिए गए शपथ पत्र के अनुसार नगद 70 हजार, एसबीआई सचिवालय के खाते में 37 हजार 898 रुपए, एसबीआई बढ़हलगंज के खाते में 28 रुपए, यूनियन बैंक बढ़हलगंज के खाते में 05 हजार 124 रुपए, यूपी बड़ौदा तरकुलवा देवरिया के खाते में 101 रुपए व एक अन्य खाते में 10 हजार रुपए है। इनके पास एक डीआई जीप कीमत 50 हजार रुपए, जेवरात 35 हजार रुपए, रिवाल्वर कीमत 45 हजार रुपए को मिलाकर कुल सकल मूल्य की धनराशि 3 लाख 23 हजार 151 रुपए है।

सार-संक्षेप

छात्रवृत्ति परीक्षा में अंश को मिला चौथा स्थान

सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैंया क्षेत्र के जनता जनार्दन लघु माध्यमिक विद्यालय तेरए के होनहार छात्र अंश उपाध्याय ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में आल इंडिया रैंक में चौथा स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गत वर्ष की हुई परीक्षा में बच्चे ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बच्चे की इस उपलब्धि पर माता पिता और क्षेत्र वासियों के साथ विद्यालय के प्रबंधक अमर बहादुर सिंह और प्रधानाध्यापक रिपुदमन सिंह ने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

वरिष्ठ चिकित्सक का निधन, श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राधेश्याम सिंह का शनिवार की सुबह 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही चिकित्सा से जुड़े लोगों व उनके परिवारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। परिजनों व क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में दोपहर बाद उनके पार्थिव शरीर का दियरा स्थित गोमती तट पर अंतिम संस्कार किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक के निधन पर वैभव सिंह, डॉ.सीपी सिंह, डॉ.दिग्विजय सिंह, अरविंद सिंह आदि लोगों में शोक व्याप्त है।

चोरी के सामान के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ थाने में तैनात उपनिरीक्षक अनिल सक्सेना ने चोर को रेलवे क्रासिंग नहरपुर के किनारे से हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का सोलर पैनल, एक बैट्रा व एक लाइट बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान देवा हरिजन निवासी ग्राम नरहरपुर थाना लम्भुआ के रुप में हुई। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय भेजा है।

चार लाख की स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार : करौदीकला थाने में तैनात उपनिरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला हमराहियों के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्मैक के साथ खड़ा है। जिसकी लगातार स्मैक बेचने की शिकायत मिल रही थी। उपनिरीक्षक हमराहियों के साथ सकरदेपुर गांव जाने वाली पिच रोड पर पहुंचे तो अभियुक्त भागने लगा। पुलिस वालो ने उसे पकड़ कर भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास स्मैक है। स्मैक की सूचना उच्च अधिकारियों को देते हुए उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी बाजार में चार लाख रुपए कीमत है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नन्हकऊ निवासी ग्राम बूढ़ापुर थाना करौंदीकला के रुप में हुई। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई। बताते चलें कि अभियुक्त इसके पहले भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।

संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध है हमारी सांस्कृतिक धरोहर

राणा प्रताप महाविद्यालय में विदाई समारोह का किया गया आयोजन।

सुलतानपुर, अमृत विचार : हमारी सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास व ज्ञान विज्ञान ज्यादातर संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध हैं। संस्कृत अध्येताओं का दायित्व है कि इसे संवर्धित कर आधुनिक समाज का मार्गदर्शन करें। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। वह संगोष्ठी कक्ष में संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित परास्नातक अंतिम वर्ष के सौप्रस्थानिक समारोह को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। पूर्व प्राचार्य प्रो एमपी सिंह ने कहा कि शिक्षकों द्वारा सिखाई गई बातें भावी जीवन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने में सहायक सिद्ध होंगी। उप प्राचार्य प्रो. निशा सिंह ने कहा कि महाविद्यालयीय जीवन से निकल कर विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनके समाज व राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.अमित तिवारी ने कहा कि वर्तमान में संस्कृत भाषा में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थी विंदु, अनुराधा, जया, शकील, उदयराज आदि ने अपने अनुभव साझा किए। वैभव, अमिता, सूरज, शिवानन्द, दीपांशी, नवनीत आदि विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। प्राची, अंजलि, शिवपूजन, अवनीश, प्रभाकर ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन एमए प्रथम वर्ष के छात्र नीलमणि मिश्रा और अनुराधा तिवारी ने किया। स्वागत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ यशमंत सिंह व आभार ज्ञापन डॉ.नीतू सिंह ने किया। समारोह में एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी।

लोकतंत्र में हमारी भागीदारी सुनिश्चित करता है मतदानः प्राचार्य

राणा प्रताप महाविद्यालय में मतदान के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाते प्राचार्य व अन्य

सुलतानपुर, अमृत विचार : यदि आप बदलाव चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। यह तंत्र में हमारी भागीदारी सुनिश्चित करता है। स्वयं मतदान करें और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदाता बने छात्र-छात्रा मतदान की गंभीरता को समझ कर सजगता के साथ मतदान करें और आस पास के लोगों को भी अपने साथ मतदान स्थल तक ले जायें। असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता को वोट देकर अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि कोई प्रत्याशी पसंद नहीं है तो भी अपना मत देने का विकल्प उपलब्ध है। मतदान आवश्यक है भले ही आप नोटा की बटन दबायें। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. बीना सिंह, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अमित तिवारी व डॉ.यशवंत सिंह उपस्थित रहे।

देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए बना इंडिया गठबंधनः पांडेय

कांग्रेस के समन्वय बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

सुलतानपुर, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए देश में इंडिया गठबंधन बनाया गया है। गठबंधन के दर्जनों दलों के साथ मिलकर देश में संविधान बचाने की चुनौती को कांग्रेस ने स्वीकार किया है। जनता के चहुंमुखी विकास को लेकर जनता की राय से कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र बनाया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में गरीबों का जीवन स्तर व सम्मान बढ़ाने की शुरू हुई लड़ाई में ये लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। वे अमहट स्थित एक गेस्ट हाउस में कांग्रेस व सपा के कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री पांडेय ने कहा कि बूथ पर इंडिया गठबंधन के साथ मजबूती से मतदान करा कर राहुल गांधी के संकल्प को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

खेत में किसान पर सांड़ ने किया हमला, इलाज के दौरान मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। कुमारगंज क्षेत्र के पारा धमथुवा पूरे ज्वाला सूबेदार गांव निवासी किसान पर गन्ने की सिंचाई करते समय सांड़ ने हमला कर दिया। सांड़ के हमले से वृद्ध किसान गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कुमारगंज थाने के पारा धमथुवा पूरे ज्वाला सूबेदार गांव निवासी किसान सत्य नारायण मिश्रा पुत्र पाटनदीन (80) दो दिन पूर्व गन्ने की सिंचाई करने के बाद पाइप बटोर रहे थे, तभी छुट्टे मवेशियों का झुंड गन्ने के खेत में घुस गया। किसान खेत में घुसे जानवरों को बाहर निकालने लगा। इसी दौरान एक सांड़ ने हमला कर दिया। हमले में कृषक सत्य नारायण मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उपचार करने के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज ले गए। जहां जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लेखपाल महेंद्र तिवारी ने घटना की रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को सौंप दिया है। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

पीलीभीत का रिकॉर्ड तोड़ेगी जनताः मेनका

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचार : इसौली विधानसभा क्षेत्र पूरे सुखलाल मजरे हैधना कला गांव में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी व सांसद मेनका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री चार सौ फूल का गुलदस्ता चाहते हैं। उसमें से एक फूल हम होंगे ही।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के चार सौ फूलों के गुलदस्ते का विशेष फूल सुलतानपुर बने इसके लिए हमको देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतना होगा। पीलीभीत से सबसे ज्यादा वोटों से जीत चुकी है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं के उत्साह व जोश देखकर मेरा विश्वास भी बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता राम चंद्र मिश्रा, विकास शुक्ल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी, बबीता अखिलेश तिवारी, मनीषा पांडेय, प्रदीप शुक्ला, प्रधान राजेश दुबे, कार्यक्रम के आयोजक कुमार गौरव मिश्र उर्फ गोनू, प्रधान जय प्रकाश मिश्र, जितेंद्र मिश्र, जगदीश प्रसाद मिश्र, बीडीसी अतुल, ब्रह्मा तिवारी, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी का किया गया स्वागत।

युवक को ई रिक्शा चालक ने पीटा, केस

सुलतानपुर, अमृत विचारः सब्जी लेने बाजार गए युवक की ई रिक्शा चालक से विवाद हो गया। ई रिक्शा चालक अपने साथियों के साथ युवक पर लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। भीड़ एकत्रित होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। तहरीर पर पुलिस ई रिक्शा चालक व उसके साथियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। धम्मौर थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी संत बख्श यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे उनका बेटा नरेंद्र सब्जी लेने बाजार गया था। जब वह सब्जी ले रहा था तो ई रिक्शा चालक फारुख निवासी रसूलपुर लौहर दक्षिण रास्ते में ई रिक्शा खड़ी कर दी।

बिना दुख के भगवान की याद नहीं आतीः शास्त्री

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः तहसील क्षेत्र के बहमरपुर ग्राम सभा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्री धाम अयोध्या से पधारे परम पूज्य स्वामी गजानंद शास्त्री जी महाराज ने कहा कि जब मानव के जीवन में सुख समृद्धि होती है तो वह भगवान को भूल जाता है। जब जीवन में कष्ट दुख आता है तो फिर भगवान को याद करता है।

कथा में महाराज ने कहा कि सभी धर्मों में रोगी है और सभी धर्मों में गरीबी भी है। कुछ लोग किसी विशेष जाति में ही भोजन करते हैं और जैसे ही कुछ की जाति वालों के घर आने जाने की बातें आती हैं, तो छुआछूत मानने लगते हैं। जिससे धर्मांतरण को बढ़ावा मिलता है। जो सबके अंदर में भगवान दर्शन कर लेते हैं उसे किसी विशेष जाति में नहीं बल्कि प्रत्येक मानव में भगवान दिखाई देते हैं। कथा वाचक पं गजानंद शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना हो तो उसे भगवान का प्रसाद मानकर धारण करना चाहिए। सुख और दुख कर्मों का फल है जो समयानुसार ही सब को प्राप्त होता है। एक प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सभी को एक ही अग्नि में जलाया जाता है, चाहे वह अमीर हो या गरीब। अपने जीवन में अच्छे व्यक्ति की संगति करना।

चार आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

सुलतानपुर, अमृत विचारः लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में दो माह पूर्व किशोरी के साथ घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व छेड़छाड़ के मामले में पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष लम्भुआ को दिया है। अधिवक्ता ऋषिकांत त्रिपाठी के मुताबिक ननिहाल में रह रही किशोरी के मिट्टी खोदने से मना करने पर 11 फरवरी की दोपहर गांव के सद्दाम, महमूद, अजमेर व चांदनी ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज की तथा सद्दाम ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ किया था। थाने व एसपी के यहां से कार्रवाई न होने पर कोर्ट ने अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

जेल में निरुद्ध आरोपियों को कोर्ट से राहत

सुलतानपुर, अमृत विचार : अमेठी जिले के थाना क्षेत्र के मुंशीगंज के मुसवापुर में बीते माह जलकल की पाइप चोरी के मामले में जेल में निरुद्ध रौनाही जनपद अयोध्या निवासी आरोपी रिंकू सिंह कनौजिया, फिरोजाबाद निवासी आरोपी इरशाद, कुशीनगर निवासी आरोपी धर्मेंद्र कुमार दूबे की जमानत जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपियों के वकील रोहित अवस्थी ने अर्जी पेश कर कहा कि मुकदमे में फर्जी रूप से फंसाया गया है। बीते दो माह पूर्व 29 मार्च की रात 50 जलकल की पाइप चोरी किए जाने की तहरीर वादी मुकदमा ठेकेदार विपुल ने अज्ञात में दर्ज कराया था।

जमीन के विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पिता पुत्र को गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध के केस दर्ज किया है। कोतवाली के अजीजपुर बनकेगंव के भारत वर्मा का आरोप है कि बीते 27 अप्रैल को वह गांव के कब्रिस्तान के पास अपने खेत पर गए हुए थे। उनके खेत की जमीन पर विपक्षीगण जबरन निर्माण कर कब्जा कर रहे थे। उन्होंने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर दूसरे दिन कोतवाली बुलाया। आरोप है कि पुलिस के मौके से जाने के बाद विपक्षियों ने लोहे की रॉड से भारत वर्मा के सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे उन्हें काफी चोट आई।

सर्वांगीण विकास के लिए करें मतदान

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः देश की एकता, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए विवेकपूर्ण शत-प्रतिशत मतदान करें। अन्यथा कालिया नाग समर्थित शक्तियां आपको निगलने के लिए तैयार बैठी हैं। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी ने संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के सभागार में आयोजित शिक्षक संवाद गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सरकारों का निर्माण संविधान सम्मत संवैधानिक व्यवस्था का अंग है। जैसे मुखिया अपने परिवार के समग्र विकास के लिए चिंतित रहता है। सबको अच्छी शिक्षा, जल, स्वास्थ्य की उत्तम व्यवस्था एवं परिवार को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है। उसी तरह देश एक परिवार है। हम सब उसके सदस्य हैं। प्रधानमंत्री ही हमारा मुखिया है। हमारा स्वाभिमान हमारी धरोहर है। उन्होंने देश विभाजन की त्रासदी की चर्चा करते हुए कहा कि कालिया अभी मरा नहीं है। उसका फन दबा हुआ है। जिसे और दबाने की जरूरत है। कोरोना कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि सारा विश्व जब लॉकडाउन की चपेट में था। तब भारत में सबसे सस्ती एवं अपने देशवासियों के लिए टीका का आविष्कार कर लोगों को फ्री लगवा कर सबके स्वास्थ्य की रक्षा की और दूसरे देशों की मदद की। यह कार्य विवेकशील शीघ्र निर्णय लेने वाला मुखिया ही कर सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से हाथ उठाकर कहा कि ये उठे हाथ राम के वंशज के हैं।

तुलसीदास पीजी कॉलेज में मतदान को लेकर शिक्षक संवाद संगोष्ठी।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे मृत भैसों को कराया गया दफन, जीवित भेजे गए गौशाला

खराब कंटेनर में पांच मृत, 24 जीवित मिलीं भैंसे

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः शनिवार की सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भैसों से भरी कंटेनर मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर जब भैसों को नीचे उतारा तो पांच ने दम तोड़ दिया था। वहीं, 24 भैंसे जीवित मिले जिन्हें गौशाला में भेज दिया गया।

शामली जिले के झिनझाना थाना क्षेत्र के टपराना गांव निवासी आबिद पुत्र अशफाक मुजफ्फरनगर से 29 भैसों को लादकर निकला था। शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे कंटेनर की कमानी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के 136 किमी पर टूट गई। साथ ही अगला पहिया भी फट गया तो चालक कंटेनर खड़ी कर साथियों संग नीचे चला आया। एक्सप्रेस वे पर खडी कंटेनर की सूचना जब यूपीडा के कर्मियो को मिली तो मौके पर पहुंचे। यूपीडा अधिकारी राम जगत तिवारी ने जब कंटेनर चेक किया तो उसमे भैंसे लदे दिखे। इसकी सूचना जयसिंहपुर कोतवाली को दिया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज रामराज यादव, सेमरी चौकी इंचार्ज संजय राय, पीढ़ी चौकी इंचार्ज सुबोध कुमार ने हाइड्रा से कंटेनर खीच पीढ़ी गौशाला ले आए। तब तक चालक व उसके सहयोगी भी आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से जब भैसों को कंटेनर से उतारा गया तो पांच मृत पाएं गए। पशु चिकित्सा अधिकारी ने मृत भैसों को दफन कराया साथ ही जीवित भैसों को पीढ़ी गौशाला भेजा। चालक से मिली जानकारी के मुताबिक मुजफ्फर नगर से भैसों को लादकर बिहार व बंगाल ले जाया जा रहा था।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खराब हुए कंटेनर में मृत मिले भैंसे। अमृत विचार

बीईओ के निरीक्षण में मिले चार अमान्य विद्यालय

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः बीएसए के आदेश पर क्षेत्र में संचालित हो रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर नकेल कसने के लिए शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में कक्षा आठ तक संचालित हो रहे सिटी मांटेसरी अलीगंज, न्यू लाइट पब्लिक स्कूल अलीगंज, छत्रपाल फाउंडेशन स्कूल पूरे पवार अलीगंज, ब्राइट इण्डियन एजूकेशन एकेडमी कोटिया अलीगंज के संचालक मान्यता प्राप्त का कोई कागजात नहीं दिखा सके। इस पर बीईओ ने कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से विद्यालय को बंद करवाते हुए बगल के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन करने का निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिया है। बीईओ ने विद्यालय संचालकों को नोटिस देते हुए निर्देशित किया है कि भविष्य में अगर अवैध रूप से विद्यालय संचालित करते हुए पाया गया तो एक लाख का जुर्माना और उल्लंघन जारी रहने की दशा में प्रत्येक दिन दस हजार का जुर्माना सहित नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

एक नजर

स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार : थानाक्षेत्र में शनिवार को नशा मुक्त अमेठी अभियान के क्रम में बाजार शुक्ल थाने के उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय मय हमराही द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ब्योरेमऊ मोड़ से अभियुक्त गुल्फाम निवासी निहालगढ़ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को 25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक घायल

तिलोई, अमेठी, अमृत विचार : थाना मोहनगंज क्षेत्र के जगदीशपुर मार्ग पर स्थित वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास एक अज्ञात स्कॉर्पियो की टक्कर से साइकिल सवार बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों द्वारा घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार जारी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। थानाक्षेत्र के गांव ननकू का पुरवा मजरे हंसवा निवासी असलम का भतीजा मोहम्मद कैस (16) सुभाष पशुपति नाथ इंटर कॉलेज तिलोई में पढ़ता है। गुरुवार को लगभग दो बजे छुट्टी होने पर साइकिल से घर जा रहा था। जगदीशपुर मार्ग स्थित वनक्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास बगल से सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह मौके पर ही गिर गया। परिजनों ने घायलावस्था में उसे बीएचईएल स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने घायल छात्र के चाचा असलम की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले वाहन की छानबीन की जा रही है।

गांधी परिवार का अमेठी-रायबरेली से पारिवारिक रिश्ता : अविनाश पांडेय

यूपी के प्रभारी बोले- किशोरी लाल शर्मा पिछले 40 सालों से परिवार व अमेठी से जुड़े हैं

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने शनिवार को कहा कि अमेठी-रायबरेली से गांधी परिवार का पारिवारिक रिश्ता है और किशोरी लाल शर्मा उसी परिवार से पिछले 40 साल से जुड़े हुए हैं।

गौरीगंज में मीडिया से बात करते हुए अविनाश पांडेय ने कहा कि किशोरी लाल शर्मा ने राजीव गांधी, सतीश शर्मा, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ यहां काम किया है। गांधी परिवार के बहुत करीबी माने जाते हैं इसीलिए उन्हें अमेठी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इंडिया गठबंधन यूपी की सभी 80 सीटों पर विजय हासिल करेगा। अखिलेश यादव के अमेठी में चुनाव-प्रचार में आने के सवाल पर पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव साथ-साथ सभाएं व रोड शो करेंगे। अमेठी की सपा इकाई के नेता जिलाध्यक्ष सहित सभी चुनाव में लगे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश के प्रमुख संस्थानों को कुछ पूंजीपतियों के हवाले करने का काम किया गया है। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव। अमृत विचार

राजेश मसाला ने किया सघन जनसंपर्क

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : जिला पंचायत अध्यक्ष व उद्योगपति राजेश मसाला ने शनिवार को अमेठी क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर लगने वाली छोटी-बड़ी बाजारों में दुकानदारों के पास पहुंचकर भाजपा के लिए वोट मांगे।

शनिवार को उन्होंने तहसील क्षेत्र के दर्जन भर ग्राम पंचायत में संपर्क कर लोगों को भाजपा की नीतियों के बारे में अवगत कराया और वोट भी मांगा। यही नहीं उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर लगने वाली छोटी-बड़ी बाजारों में भी पहुंचकर दुकानदारों के साथ बातचीत की और भाजपा को जिताने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी सुरक्षित हैं। आप लोग स्मृति इरानी को जिताकर भाजपा के हाथों को मजबूत कीजिए। उन्होंने कहा कि स्मृति इरानी ने 5 साल में जो विकास करके दिखाया है, शायद वह गांधी परिवार के बूते की बात नहीं है। यही कारण है कि गांधी परिवार सामना न कर सका और मैदान छोड़कर भाग गया। उनके साथ रामू सिंह कसारा डीएन तिवारी सहित दर्जनों लोग साथ रहे।

अमेठी में लोगों से मुलाकात करते राजेश मसाला। अमृत विचार

ईवीएम कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

बहराइच, अमृत विचार : मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संचालित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग कार्य का जायज़ा सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय व पुलिस प्रेक्षक केएसएसवी सुब्बारेड्डी ने लिया। सभी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षकों ने विधानसभावार स्थापित किये गये काउण्टरों पर जाकर कमिशनिंग कार्य को देखा तथा मौके पर मौजूद जिलाधिकारी मोनिका रानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत आदि मौजूद रहे।

दुकान में घुसा डंपर लाखों का नुकसान

दुकान में घुसा अनियंत्रित वाहन।

फुरसतगंज, अमृत विचार : अमेठी क्षेत्र के सैंबसी गांव निवासी इबरार व सिराज नहर कोठी चौराहे पर बांदा टांडा हाईवे किनारे मिठाई व बेकरी एवं फल और जूस की दुकान करते हैं। शुक्रवार रात 11 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार सुबह लगभग 3:30 बजे स्थानीय दुकानदारों ने सूचना दी कि दुकान में डंपर घुस गया है। आनन-फानन आकर देखा तो इबरार व सिराज की दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना को देखने के लिए लोगों का जमावड़ा लग गया। दुकान मालिक ने फुरसतगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। फुरसतगंज थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी हुई है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

माइक्रो आब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डॉ. एन युवराज व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।

चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 150 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं, जिन्हें शनिवार को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, मॉकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन के लिए अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे। मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था देखेंगे। इसके अतिरिक्त मनीषी महिला महाविद्यालय के एक कमरे में पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए ट्रेनिंग दी गई। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है, उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही चार कमरों में ईवीएम मशीन की कमिशनिंग की ट्रेनिंग दी गई।

सत्र का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : शनिवार को सीएमओ द्वारा गौरीगंज ब्लॉक के अर्जुनपुर में वीएचएसएनडी सत्रों का निरीक्षण किया गया। सत्र में एएनएम सुजाता सिंह, आशा सरोज देवी, एडब्ल्यूडब्ल्यू कुसुम लता सिंह, आशा संगिनी आशा पाल उपस्थित थीं।

आशा कार्यकत्री गांव में गर्भवती और बच्चों को लाने गयी थीं। सीएचओ मोनेश शर्मा ने वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण नहीं किया था। उस दौरान 6 बच्चों का टीकाकरण हो चुका था। 11 बच्चों को और टीका लगना था। साथ ही एक गर्भवती धात्री को भी टीका लगना बाकी था, उसे भी टीका लगा दिया गया था। एनएनएम को टीकाकरण कार्यों में सहयोग दिया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान पता चला कि एडब्ल्यूडब्ल्यू का ट्रिपल का पैसा जो 75 रुपये मिलता है, वह नहीं मिला था, इसकी जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने सीएचसी अधीक्षक से बात की और निर्देश दिया कि अगर पैसा नहीं मिला है तो दिला दिया जाए।

केन्द्र का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

अभद्र टिप्पणी मामले में सहायक अध्यापक सस्पेंड

संवाददाता, तिलोई, अमेठी

अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय गोयन की शिक्षिकाओं से अभद्र भाषा और अभद्र टिप्पणी करने वाले सहायक अध्यापक को सस्पेंड कर दिया है। वहीं मामले की जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम गठित की है। बीएसए के इस आदेश से बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि सिंहपुर के खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी द्वारा भेजे गये पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि कम्पोजिट विद्यालय गोयन के सहायक अध्यापक मोहम्मद सरवर द्वारा विद्यालय का प्रभार तथा विद्यालय को आवंटित टैबलेट प्राप्त नहीं किया जा रहा है। विद्यालय स्टाफ द्वारा एक मई को उपलब्ध कराये गये प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया है कि विद्यालय में बच्चों से मंगवाकर गुटखा खाते हुये परिसर को गंदा किया जाता है तथा विद्यालय में कार्यरत समस्त महिला स्टाफ से अभद्र, अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता है एवं उच्चाधिकारी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। विद्यालय में शिक्षण कार्य के समय अन्यत्र कार्य करना और छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उन्नयन हेतु कोई प्रयास न किया जाना। इसके साथ ही विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षक होने के उपरांत भी प्रभार न लेना व कर्मचारी आचारण नियमावली के विरुद्ध आचरण करना एव उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि निलंबन अवधि में सहायक अध्यापक मोहम्मद सरवर कम्पोजिट विद्यालय गोयन से कम्पोजिट विद्यालय दल सरैया विकास खण्ड सिंहपुर में संबद्ध रहेंगे तथा उनके विरुद्ध लगाये गये आरोपों की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीशपुर सतीश सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी शाहगढ़ ममता सरकार को जांच अधिकारी नामित करते हुये निर्देशित किया गया है और कार्रवाई निर्धारित समयावधि में पूरा करते हुये जांच आख्या प्राप्त कराने का निर्देश दिया।

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमेठी, अमृत विचार: थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह द्वारा शनिवार की सुबह क्षेत्र में तलाश वांछित देखभाल व संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 118/24 धारा 306, 498ए भादवि व डीवी एक्ट में वांछित अभियुक्त पवन कुमार यादव निवासी लोनियापुर थाना व जनपद अमेठी को चन्द्रा मैरिज लॉन के पास भरथीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त पर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

देशभर में होती है मायावती के शासनकाल की चर्चा: नन्हे सिंह

मुसाफिरखाना, अमेठी

अमृत विचार : शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने एक दर्जन से अधिक गांवों में छोटी-बड़ी बैठकें और जनसंपर्क किया।

बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती के शासन की चर्चा पूरे देश में होती है। उन्होंने कहा कि बहन जी ने उत्तर प्रदेश में कानून का राज कायम करते हुए सर्वसमाज के हित में काम किया। देश में कानून का राज और सुशासन के लिए बहन मायावती का प्रधानमंत्री बनना समय की जरूरत है। 20 मई को सुबह सबसे पहले मतदान केंद्र पर पहुंचकर हाथी निशान का बटन दबाने और शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। कस्थुनी, पूरब गांव, नाथूपुर,करपिया चौराहा, लालगंज, जाखा शिवपुर, दादरा आदि स्थानों पर जनसंपर्क अभियान के दौरान नन्हे सिंह चौहान ने मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए स्वयं को सेवा का अवसर देने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष शिव राम कोरी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रमों में जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, एहसान अली मुन्ना, विन्देश्वरी प्रसाद, विन्धा दीन फौजी, भीम आर्मी के प्रियांशु, रमेश कुमार कश्यप, मथुरा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

बसपा प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी करते लोग। अमृत विचार

वर्ग पहेली-60

बाएं से दाएं

1.1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन

4.1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6.1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8.1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10.1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

ऊपर से नीचे

2.1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली

3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5.1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8.1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।



वर्ग पहेली -59 का हल

1 बं					2 अँ	
द		3 मा	लि	य	त	
गी		हो			ड़ी	
	4 दि	ल	रु	बा		5 अं
	ठि					शु
	या			6 धौं	क	ना
7 शौ	र	से	नी			भि

सुडोकू -139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				4		1	3	
6		3	7					
1				8				7
		2			9			
	3		6					
			1			2		
9		7		5				
			8		2	9		
2	4			6				

सुडोकू -138 का हल

5	6	2	3	4	9	1	8	7
8	7	9	5	1	6	3	2	4
4	1	3	7	8	2	9	6	5
2	5	7	1	9	4	8	3	6
6	4	1	8	3	5	7	9	2
3	9	8	6	2	7	5	4	1
1	2	5	9	6	8	4	7	3
9	3	4	2	7	1	6	5	8
7	8	6	4	5	3	2	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17 .42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .57 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

वृष — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

मिथुन — आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

कर्क — आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

सिंह — आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

कन्या — आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

तुला — आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

वृश्चिक — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

धनु — आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

मकर — आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ — आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

मीन — आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दीवाने — दोपहर : 12 .00
- परदेसी बाबू — रात : 08 .55

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 10 .53
- द कश्मीर फाइल्स — रात : 08 .00

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 10 .48
- द वॉटर हार्स — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 11 .25
- रेस — रात : 07 .45

colors CINEPLEX
- हेलो ब्रदर — सुबह : 07 .52
- टाइगर नागेश्वर राव — शाम : 06 .29

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

विवाह: पवित्र सामाजिक संस्कार

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं कूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

वनाग्नि का हो स्थायी समाधान

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

प्रथम कर्तव्य देशहित

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस)

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

जीएसटी की वसूली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

एक नजर

अधिवक्ता मकरंद बने लोकसभा कोआर्डिनेटर

प्रतापगढ़, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की सहमति से विधि विभाग ने अधिवक्ता मकरंद शुक्ल को 39 लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ का कोआर्डिनेटर बनाया है। इस पर मकरंद ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल को यहां से विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

टैंकर में आग लगने से मुंबई में चालक की मौत

जगेशरगंज प्रतापगढ़, अमृत विचार : केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे लगी आग की चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। सूचना पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। अंतू थानाक्षेत्र के जैतीपुर कटार गांव निवासी 42 वर्षीय बृजेश कुमार पटेल मुंबई में रहकर टैंकर चलाते थे। शुक्रवार की दोपहर केमिकल से भरा टैंकर लेकर जा रहे थे। मुम्बई के कसारा इलाके के पास अचानक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे आग लग गई। जिसमें बृजेश की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह का निधन

प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा का शनिवार को निधन हो गया। वे कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर कांग्रेस के राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने एक सच्चा सिपाही खो दिया। इसी प्रकार रामपुर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि वह मिलनसार व्यक्ति थे।

देश में बह रही है परिवर्तन की बयार : अविनाश

इंडिया गठबंधन समन्वय बैठक में बोले कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, फूल मालाओं से हुआ स्वागत

समन्वय बैठक को सम्बोधित करते सपा प्रत्याशी डॉ .एसपी सिंह पटेल। अमृत विचार

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इस चुनाव में देश में परिवर्तन की बयार बह रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव आदि ने राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय बनाया है। वहीं समन्वय हमें जनपद से लेकर बूथ स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। समन्वय बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

इंडिया गठबंधन व सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार में सभी वर्ग परेशान हैं। लोकतंत्र व देश बचाने के साथ ही संविधान बचाने का समय आ गया है। गठबंधन के साथी गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों से वोट करने की अपील करें। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए गठबंधन व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। संचालन जिला सचिव सुरेश मिश्र ने किया। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोआर्डिनेटर संजय तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक एवं प्रदेश सचिव राकेश मौर्या, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष डॉ. लाल जी त्रिपाठी, डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, बृजेन्द्र मिश्र, मनीष पाल भी मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशियों के प्रचार में उतरीं रागिनी सोनकर

जनसंपर्क करतीं मछली शहर विधायक डॉ. रागिनी सोनकर।

जौनपुर, अमृत विचार : मछली शहर विधायक डॉ. रागिनी सोनकर अपने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर रही हैं। उनके संपर्क करने का अंदाज ही अलग रहता है। इसी के बल पर वह लोगों के दिलों में जगह बना रही हैं। शुक्रवार को जौनपुर सदर और शनिवार को मछलीशहर के नदियांव, बड़ेरी, करौंदी, अमारा आदि क्षेत्रों में लगातार जाकर जनता से रूबरू हो रही हैं। वह सपा द्वारा सोनकर समाज को प्रदेश में एक भी टिकट न दिए जाने के कारण क्षेत्र में सोनकर समाज का आक्रोश झेलने के बाद लोगों को समझा-बुझा रही है। खुद को टिकट नहीं मिलने के बाद भी क्षेत्र के सभी समारोह में भाग लेकर पार्टी का प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सपा का इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो सबसे पहले युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगीं। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सदर और मछलीशहर की लोकसभा सीट जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मंसूबे को पूरा करना है। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि उनके क्षेत्र में विकास हो, साथ ही सभी वर्गों को समान अवसर मिले, इसके लिए वह तेज गर्मी और धूप में जनता के बीच हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि गुटबाजी को भूलकर वह प्रत्याशी का प्रचार करें। जो लोग प्रायोजित हमले करा रहे हैं, वह खुद पार्टी का नुकसान कर रहे हैं।

पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त : राजेन्द्र एस बिन्द

मिर्जापुर, अमृत विचार : 79-मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द का शनिवार को मझवां विधानसभा का क्षेत्रीय भ्रमण जनसंवाद कार्यक्रम अन्तर्गत दर्जनों गांवों का दौराकर जोन व सेक्टर प्रभारियो से जनसंवाद किया। इस दौरान सरैया बाजार, बरैनी, बंधवा, माधोपुर, मालपुर उखदण्ड, शाहपुर चैसा व इटवां आदि दर्जनों जगह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर भ्रमण कर आम जनमानस की समस्याओं को सुना। उन्होंने समाजवादी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं सिद्धान्तों को जनसंवाद के दौरान लोगों को विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि भाजपा झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा ने खाने पीने से लेकर डीजल पेट्रोल, रसोईगैस हर चीज के दाम बढ़ा दिये। पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। इस दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथ और वोट की रक्षा करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मत देने की अपील करें। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान रोहित शुक्ला, आशीष यादव, आदर्श यादव, झल्लू यादव, परवीन बानो, सौरभ सिंह, भोलानाथ यादव, कन्हैया यादव, रमाशंकर कोल, कौशिक कन्नौजिया, योगेश यादव, नेहा खान, मणिशंकर प्रजापति, राममूरत यादव, दिलीप यादव, सूर्यबलि यादव, प्रेमचन्द यादव आदि लोग मौजूद रहें।

जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द।

सरकार की गिनाईं उपलब्धियां, दिए टिप्स

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार को रामपुरखास के लालगंज कस्बा में भाजपा का बूथ सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियां गिनाकर, बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने के टिप्स दिए गए।

बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री/काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य ने योगी व मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि सरकार ने योजनाओं को लाभ देने में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण आदि पर भाजपा के कार्यों का बखान किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य का स्वागत करते भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता।

बूथ कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से चुनाव में जुट जाने को प्रेरित किया। भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने कहा कि जनता के प्रेम रूपी कर्ज को सेवाभाव से उतारूंगा। एमएलसी उमेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सुशील उपाध्याय, राय साहब सिंह, नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, कुलवंत सिंह ने भाजपा की जीत को लेकर रणनीतिक बात रखी।

पांच केंद्रों पर नीट की परीक्षा आज

प्रतापगढ़, अमृत विचार : एमबीबीएस, बीडीएस व अन्य संबंधित मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सख्त सुरक्षा के बीच नेशनल एलीजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट) रविवार को होगा।

जनपद में नीट के लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर दो आब्जर्वर सीबीएसई की तरफ से तथा एक डिप्टी आब्जर्वर सेना से तैनात किए जाएंगे। नीट में जिन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है, उनमें संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा, संगम इंटरनेशनल स्कूल, न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बीएसएस एकेडमी फुलवारी, आत्रेय एकेडमी शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 2411 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर दोपहर दो बजे से शाम 5:20 बजे तक होगा।

फंदे से लटककर महिला ने की खुदकुशी, तहरीर

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

अमृत विचार : महेशगंज के फतूहाबाद निवासी कन्हैया लाल मिश्र ने 2019 में अपनी बेटी प्रिया (सलोनी) की शादी बला का पुरवा रायगढ़ गांव निवासी नीरज दुबे के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन प्रिया को दहेज में कार और दो लाख नकद के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसने फोन कर अपनी मां से उसे मायके बुलाने के लिए कहा था, जिस पर मां ने सुबह भेजने की बात कही थी। शनिवार सुबह मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी गई कि उनकी बेटी की हालत खराब है, उसे कुंडा सीएचसी लेकर जा रहे हैं। जब मायके पक्ष के लोग सीएचसी कुंडा पहुंचे तो प्रिया स्ट्रेचर पर मृत पड़ी थी। उसके गले पर रस्सी का निशान था। प्रिया के पिता कन्हैया लाल ने बेटी को दहेज के लिए मार डालने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। उसके बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराने की जिद पर अड़े रहे। इस पर पुलिस ने आरोपी पति नीरज दुबे, ससुर रमाशंकर, सास सुधा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर सास सुधा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

जेईई मेंस में संस्कार ग्लोबल के पांच छात्र

▸▸ **विद्यालय ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए शनिवार को सम्मानित किया**

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जेईई मेंस के घोषित परिणाम में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के पांच छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है। विद्यालय ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए शनिवार को सम्मानित किया।

शुभी, सारा मतीन, मोहन सिंह, मो. अनस, अक्षत शुक्ला ने जेईई मेंस में स्वयं की मेहनत और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से अच्छे अंक अर्जित किये। चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निदेशक संजय सिंह, प्रिंसिपल समीना अख्तर ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। निदेशक ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक परीक्षा में बच्चों ने बिना कोचिंग के यह परीक्षा न सिर्फ पास की है, बल्कि अच्छा स्कोर किया है। संचालन अविनाश सिंह ने किया। प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, सुधा सिंह, मो.रईस, आरएम शर्मा, तरुण शुक्ल, आनन्द सिंह, महेन्द्र वर्मा, संजीव शुक्ल, नौशाद खान, जेपी त्रिपाठी, कृष्णा सिंह, प्रमोद गुप्ता आदि रहे।

जेईई मेंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्कार ग्लोबल स्कूल के निदेशक संजय सिंह व प्रिंसिपल समीना अख्तर ने किया सम्मानित। अमृत विचार

बेहतर प्रदर्शन पर मेधावी सम्मानित

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : बीएसएस एकेडमी फुलवारी के बच्चों ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन किया। विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया गया।

सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिल्वर जोन ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल करने वालों को संस्था के प्रतिनिधि रवि, विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विनोद सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारती हैं। 9वीं के छात्र अंशुमान सिंह को गोल्ड, अनुराग को रजत, मुनफ पटेल को कांस्य पदक प्रदान हासिल किया। जबकि रुद्रांश सिंह, प्रसिद्धि सिंह, सृष्टि गुप्ता, प्रियांशु तिवारी, अर्पिता वर्मा, रुद्राक्ष सिंह, आर्यन सिंह, कृष्णा शुक्ल, सोनाक्षी सरोज, उत्कर्ष ओझा, प्रनव मिश्र, आयुष कुमार मोदनवाल को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह, अर्चना तिवारी, दिग्विजय सिंह, संजय सिंह, प्रीतम राज, यमी सिंह आदि रहे।

बीएसएस एकेडमी में निदेशक व प्रिंसिपल के साथ मेधावी छात्र। अमृत विचार

दिशा निर्देश छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने पर प्रधानाध्यापक को दी हिदायत

कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, हलिया, मिर्जापुर

अमृत विचार : एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र द्वारा शनिवार को कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

एसडीएम लालगंज ने बेसिक शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु कंपोजिट विद्यालय बस्तरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं एमडीएम की गुणवत्ता को देखा। उन्होंने उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को निर्देशित किया कि विद्यालय संचालित के समय सभी शिक्षकों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। वहीं एमडीएम बनाने वाली रसोईयों से बात करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि मेन्यू के अनुसार एमडीएम बनाया जाए तथा एमडीएम गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। वहीं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित हो। एसडीएम द्वारा हलिया शिक्षा क्षेत्र के कोटाशिव प्रताप सिंह कंपोजिट विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को देखा। जहां 65 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दर्ज पाई गई। वहीं विद्यालय में कुल 7 अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित पाए गए। वहीं बड़गड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान फूलचंद को विद्यालय में प्रतिदिन साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम द्वारा दोनों विद्यालयों पर लोकसभा 2024 निर्वाचन मतदान के दौरान मतदाताओं की मूलभूत सुविधा पानी, शौचालय, विद्युत, साफ सफाई, छाया आदि का अवलोकन करते हुए कमियो को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया।

कंपोजित विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

टीबी मुक्त अभियान के तहत 51 टीबी मरीजों को लिया गोद

संवाददाता, चुनार, मिर्जापुर

अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार के सभागार कक्ष में होप वेलफेयर ट्रस्ट वाराणसी एवं मुकुल माधव फाउंडेशन मथुरा द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक हिस्सा बनते हुए स्वयं के स्तर से विगत माह में चुनार क्षेत्र के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली आदि भेंट करते हुए गोद लिया गया था। गोद लिए गए मरीजों को पुनः 24 मई को द्वितीय चक्र का पोषण पोटली के साथ ही मच्छरदानी आदि भेंट करते हुए सहयोग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पीएचसी चुनार प्रभारी डॉ. राकेश कुमार पटेल द्वारा मरीज को नियमित दवा खाते रहने का सुझाव देते हुए डॉ. पटेल द्वारा टीबी मरीजों के प्रति निरूक्षय मित्र रूपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संदर्भ में ट्रस्ट पदाधिकारी को विभागीय स्तर से जारी प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया। वहीं क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा पुनः टीबी के लक्षणों एवं सरकारी स्तर से दी जा रही समस्त निःशुल्क सुविधाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी टीबी के लक्षण प्रभावित व्यक्तियों को यदि कहीं पाते हैं तो उन्हें अपने तरह ही जीवन एवं समाज के हित में जांच इलाज हेतु सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में मददगार बनें।

सार-संक्षेप

सिंचाई के लिए लगा सबमर्सिबल पंप चोरी

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ गांव निवासी बालकृष्ण शुक्ल ने तहरीर में बताया है कि घर से दो सौ मीटर दूर सिंचाई के लिए बोर में लगा सबमर्सिबल पंप को बीती रात में अज्ञात चोरों द्वारा गेट तोड़कर स्टार्टर सहित चुरा ले गए। मौके पर एक एंगल का टुकड़ा मिला, जिससे चोरों ने ताला तोड़ने का प्रयास किया था लेकिन ताला नहीं टूटा तो गेट तोड़कर केबिल व सबमर्सिबल पंप पाइप स्टार्टर आदि समान उठा ले गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से महिला गंभीर, रेफर

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी जमुना की 27 वर्षीय पत्नी ममता ने शुक्रवार की देर रात में किसी बात से नाराज होकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे कुछ देर बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया लेकिन महिला के परिजनों ने मंडलीय चिकित्सालय न ले जाकर महिला को किसी निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर चले गए। इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया कि किसी बात से नाराज होकर महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजन उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आये थे। प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन महिला के परिजन मंडलीय चिकित्सालय न ले जाकर किसी निजी अस्पताल व झाड़ फूंक कराने के लिए लेकर चले गए।

कलयुगी बेटे ने मां को पीटकर किया घायल

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार : ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी रामसुचित के बेटे दीपक ने पत्नी का पक्ष लेते हुए शनिवार को अपनी माता तेरसी (45) को लात-घूंसों से पीटने के साथ ही पक्की नाली पर उठाकर पटक दिया। जिससे मां गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बीच बचाव करने पहुंचे पिता रामसुचित को भी पुत्र ने लात-घूंसों से पीटा। रामसुचित ने बताया कि 8 दिन पूर्व बेटे दीपक की शादी धूमधाम से की थी। बहू द्वारा मोबाइल फोन से बाहर बैठकर बात करने पर सास तेरसी द्वारा मना करने पर पुत्र ने आक्रोशित होकर मां को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पिता द्वारा एम्बुलेंस सेवा 108 पर सूचना दिए जाने पर एम्बुलेंस सेवा के वाहन के एमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए। जहां पर चिकित्सा विवेक खरे द्वारा घायल महिला का उपचार किया जा रहा है। महिला का एक्स-रे कराने कि सलाह परिजनों को दी है।

मारपीट में एक नामजद सहित दो विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार : ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी बबलू ने हलिया थाने में शुक्रवार की देर शाम तहरीर देकर एक नामजद समेत दो अज्ञात के विरुद्ध गाली गलौज देते हुए मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। 26 अप्रैल को गड़बड़ा राजा तालाब पर लालगंज थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी पवन अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बाइक लहराते हुए चला रहा था। मना करने पर गाली गलौज देते हुए मारने-पीटने लगे। जिससे सिर में गंभीर रूप से चोट लगी है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद समेत दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

माल वाहन ऑटो व बाइक की टक्कर में दो घायल

अहरौरा (मिर्जापुर)। स्थानीय थानाक्षेत्र अंतर्गत सोनबरसा इमलिया चट्टी चौकी के निकट युवक दीपक पटेल निवासी जमुहार थाना चुनार जिला मिर्जापुर माल वाहक ऑटो पर सवार व्यक्ति पप्पू निवासी परही पुलिस चौकी सुकृत जिला सोनभद्र ऑटो चालक मोटरसाइकिल सवार को बचाते बचाते अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक ग्रामीणों का भीड़ देखते हुए मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के उपरांत 108 नंबर मौके पर पहुंची एंबुलेंस इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शैलेंद्र यादव व चालक शशिकांत सिंह द्वारा अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के उपरांत दोनों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

पौधशाला व अग्रिम मृदा कार्य का किया निरीक्षण

पौधशाला निरीक्षण करते प्रभागीय वनाधिकारी।

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार : प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने शुक्रवार की देर शाम हलिया रेंज में पौधरोपण के लिए पौधशाला में तैयार किये जा रहे पौधों का निरीक्षण किया और पौधों की देखभाल करने के लिए वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग ने सबसे पहले दिघिया रेंज कार्यालय परिसर में स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया। जहां पौधों के नियमित रूप से देखभाल करने का निर्देश दिया। इसके बाद पड़री वन चौकी पंहुचकर निरीक्षण किया। साथ ही वन क्षेत्र में होने वाले पौधरोपण के लिए कराए गए अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया। जंगल में जंगली जानवरों के निगरानी के लिए बनाए गए वॉच टावर का निरीक्षण किया। गर्मी में जंगली जानवरों के पानी के लिए वाटर होल व चेकडैम को देखा। इसके बाद कवलझर पौधशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। गुर्गी वन चैकी परिसर व पिपरा में पौध तैयार करने के लिए बनाई जा रही नई पौधशाला का निरीक्षण किया। हलिया वन रेंज में कुल 350 हेक्टेयर में रोपे जाने वाले पौधे के लिए तैयार किए कराए गये अग्रिम मृदा कार्य मतवार, पिपरा, मनिगढा, हलिया आदि का निरीक्षण किया। वन्यजीव अभयारण्य प्रतिबंधित क्षेत्र से होकर गुजरने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए गस्त बढ़ाकर कार्रवाई करने का निर्देश वनक्षेत्राधिकारी को दिया। वनक्षेत्र में अवैध खनन परिवहन कटान पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन दारोगा श्रवण कुमार संत, वन्यजीव रक्षक रामदास आदिवासी शीतला बक्स सिंह, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण करते एसडीएम।

हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार : एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शनिवार को अंतर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट मनिगढा जड़कुड़ पर पहुंचकर बॉर्डर का निरीक्षण किया। बॉर्डर से होकर आने-जाने वाले ग्रामीणों से जानकारी ली। इसके बाद मनिगढा मझियान स्थित मतदान केंद्र के बूथ संख्या 298, 299 पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय मनिगढा के बूथ संख्या 300, 301 पर सुविधाओं को देखा। मौजूद ग्रामीणों से मतदान से संबंधित जानकारी ली। जूनियर हाईस्कूल स्कूल बडौहा बूथ संख्या 302, 303 पर पहुंचकर पेयजल, शौचालय, विद्युत, छाया, रैंप आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि अंतर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट मनिगढा जड़कुड़ बॉर्डर पर निरीक्षण किया गया है।

आबादी की भूमि पर कब्जे को लेकर दिया प्रार्थना पत्र

हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार : स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पटेहरा की ग्राम प्रधान मनोज कोरी ने थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत पटेहरा के क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि आबादी नवीन परती को पैसा लेकर कब्जा करा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के आबादी की भूमि पर गांव निवासी तीन लोग अवैध तरीके से पिलर डालकर कब्जा कर रहे हैं। जिससे गांव में काफी तनाव है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम लालगंज को कार्रवाई के लिए भेजा है। एसडीएम ने तत्काल एक्शन लेते हुए अवैध निर्माण कार्य को रुकवाने की बात कही है।

इलेक्शन बायस्कोप

भाजपा से लखनऊ संसदीय सीट पर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को ईसाई अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया है रक्षामंत्री के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समुदाय के लोगों को प्रेरित करते, मोर्चा के पदाधिकारी। -अमृत विचार

युवाओं के साथ छलावा कर रही भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान व प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त तौर पर कहा कि कोई नया निवेश नहीं हो रहा है इसलिए नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला कि देश में जो बेरोजगार हैं उसमें से 83 प्रतिशत युवा हैं। यह उस देश की स्थिति है जहां पर 18 से 35 वर्ष के बीच की 60 प्रतिशत की आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुलाई 2017 में दरोगा भर्ती समेत विभिन्न भर्तियों के लिए परीक्षाएं हुईं, पर पर्चा लीक होने से युवाओं का भविष्य पर संकट आ गया।

रिश्ते-नातों के भरोसे बाहुबलियों की राजनीति

लोकसभा चुनाव में फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं मैदान में नहीं

बृजभूषण पुत्र को तो धनंजय पत्नी को लड़ा रहे चुनाव

हाईकोर्ट के फैसले पर टिका अफजाल अंसारी का भविष्य

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों का चुनाव लड़कर सत्ता में भागीदार बनने के सिलसिले का लगभग अंत हो चला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों की राजनीति अब रिश्ते-नातों के भरोसे रह गई है। कोई अपने पुत्र-पुत्री को लड़ा रहा है तो कोई पत्नी को। गाजियाबाद से गाजीपुर तक इसबार एक भी बाहुबली चुनाव मैदान में नहीं है। जिस प्रदेश में बाहुबलियों के भरोसे चुनाव जीते जाते थे, वहां फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं चुनाव नहीं।

यह पहला चुनाव है जिसमें एक भी बाहुबली सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। टिकट न मिलने की परिस्थिति जो भी हो, लेकिन यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत जरूर हैं। जब टिकट नहीं मिला तो बाहुबलियों के रिश्ते-नातों में टिकट दिया गया। संभवतः यहां पार्टियों को जीत की गारंटी दिख रही थी। कानून के लगातार शिकंजा कसने का असर यह हुआ कि धनंजय सिंह स्वयं चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिलवा दिया। वहीं बृजभूषण सिंह का भारी विरोध हो रहा था, ऐसी स्थित में भाजपा द्वारा उनको टिकट देना संभव नहीं था। इसलिए उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया गया। बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण भी विधायक हैं। अभी तक प्रतीक भूषण को ही बृजभूषण सिंह का राजनैतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलना इनके राजनैतिक विराम के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी संभव है। वहीं अफजाल अंसारी के भविष्य का फैसला 13 मई को हाईकोर्ट में होना है। तीन मई को हाईकोर्ट में उनके भाग्य का फैसला होना था, लेकिन हाईकोर्ट ने तिथि आगे बढ़ाकर 13 मई कर दी। फिलहाल सजा का अंदेशा होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी नुसरत अंसारी को मैदान में उतार दिया है। वह अपने पक्ष में प्रचार भी कर रही हैं। उसी तरह सक्रिय हैं जैसे एक प्रत्याशी सक्रिय होता है। बताया जा रहा है कि अगर 13 मई को अफजाल की सजा में अफजाल के अनुरूप कोई संसोधन होता है तो अफजाल ही चुनाव लड़ेंगे अथवा उन्होंने विकल्प के रूप में बेटी को उतार दिया है। अफजाल के चुनाव न लड़ने से एक और बाहुबली चुनाव लड़ने से दूर हो जाएगा। इंडी गठबंधन भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। अगले ही दिन यानी 14 मई से गाजीपुर संसदीय सीट के लिए नामांकन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थित में 13 मई के फैसले पर सभी पार्टियों कीनजरहै।

● **अफजाल ने बेटी नुसरत को भी मैदान में उतारा है**

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस का फ़ैसला किसी हिस्ट्री से कम नहीं है कि गांधी परिवार ने अमेठी के अपने तथाकथित गढ़ को छोड़ दिया है, यह पहली बार नहीं है। - **स्मृति इरानी**

यह चुनावी लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है। कांग्रेस के शासन में आतंकियों को बिरयानी खिलायी जाती थी, आज मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। - **ब्रजेश पाठक**

राहुल भारत के मूल सिद्धांत समझना नहीं चाहते। वे जातिगत गणना कराना चाहते हैं। जबकि बहुत से लोग अपनी जाति बताना नहीं चाहते। - **जयंत चौधरी**

भाजपा के लोग विपक्ष को दबा रहे हैं। इनके मंत्री विधायक जमीनों पर कब्जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों को प्राइवेट हाथों में बेचा जा रहा है। -**नरेशउत्तमपटेल**

मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण के नाम पर सपा-बसपा करेंगी संग्राम

15 दिनों में माहौल बदलने की बिसात बिछा रहीं दोनों पार्टियां

पिता से राजनीतिक ककहरा सीख मैदान में उतरे करण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज लोकसभा की जमीन के जर्रे-जर्रे पर नींव खड़ी कर चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह ही धमक पर भाजपा की बांछें खिली हुई हैं, जबकि कैसरगंज की जमीन से दूर रहे नेताओं पर सपा व बसपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की तैयार 15 साल के मैदान पर ही बैटिंग करनी है वह भी 15 दिनों में। बृजभूषण की सजाई फील्डिंग पर ही पुत्र भी बैटिंग को उतर चुका है, जबकि सपा मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण फैक्टर पर भगतराम को मैदान में उतारा है, और बसपा को कैडर वोट के वापस आने तथा ब्राह्मण वोटरों का सहारा है।

शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण शरण सिंह को पार्टी ने मैदान में उतारा है। अपने पिता से राजनीतिक ककहरा सीख कर मैदान में उतरे करन को अपने पिता की सजाई फील्ड पर ही बैटिंग करनी है और उनके 15 साल की तैयार जमीन पर ही जीत का पौध लगाना है। कैसरगंज में तरबगंज विधानसभा उनकी अपनी विधानसभा है और यहां से भाजपा के विधायक प्रेम नरायन पांडेय नामांकन के दौरान उपस्थित रहे। दूसरी विधानसभा करनैलगंज है। यहां के विधायक अजय कुमार सिंह भी बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। कटरा बाजार विधानसभा में भाजपा के विधायक बावन सिंह भी बृजभूषण व उनके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में डटे हैं। तीसरी विधानसभा कैसरगंज है। वहां भाजपा का विधायक तो नहीं है लेकिन वहां बृजभूषण सिंह की अपनी साख है। पयागपुर में भाजपा के विधायक सुभाष त्रिपाठी हैं और वह भी बृजभूषण के करीबी हैं। ऐसे में कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा के सिटिंग एमएलए हैं और पूरी शिद्दत के साथ पार्टी उम्मीदवार के साथ डटे हैं। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जीत दिलाने की हामी भरवा चुके हैं। ऐसे में भाजपा के नवधा खिलाड़ी को राजनीति की डोर थमाने के लिए तेज तर्रार प्रशिक्षक की भूमिका में विधायक लगे हैं।

उधर समाजवादी पार्टी ने राजनीति के माहिर खिलाड़ी भगतराम मिश्र को मैदान में उतारा है। भगतराम मिश्र लोकसभा व विधानसभा का चुनाव पहले ही अलग-अलग सीट से लड़ चुके हैं। बहराइच लोकसभा से 2004 में चुनाव बसपा से लड़े थे। 2007 में भिनगा विधानसभा का चुनाव लड़े तथा 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर से चुनाव लड़ चुके हैं। जीत तो उन्हें नहीं मिली परंतु राजनीति के उतार चढ़ाव की जानकारी अवश्य है। मुस्लिम व यादव मतदाता के साथ उन्हें ब्राह्मण मतदाताओं का बैकअप तैयार करने के लिए तरबगंज से राम भजन चौबे, करनैलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मुस्लिम नेता मसूद आलम, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव का साथ मिला है। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का बल भी प्राप्त है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का पैतृक घर पयागपुर में है। वह बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के करीबी हैं और पुराने कैडर मतों के साथ ब्राह्मण वोटों पर भरोसा है। कैसरगंज लोकसभा के पांचों विधानसभा में केवल एक बार करनैलगंज में बसपा का विधायक रहा। भाजपा के साथ सपा व बसपा के उम्मीदवारों को मात्र 15 दिनों में सीट फतह करनी है। इसमें किसी की फील्ड सजी है तो किसी को सजाना है।

करण भूषण सिंह

भगत राम मिश्र

नरेंद्र पाण्डे

जातीय समीकरण का आंकड़ा



भाजपा के चार विधायकों व बृजभूषण की भी परीक्षा

भाजपा करनभूषण शरण सिंह को लेकर आश्वस्त है और राम तथा विकास के नाम के साथ मोदी व योगी की छवि पर वोट मिलने की उम्मीद जता रही है लेकिन कैसरगंज की सीट उतनी आसान नहीं है जितनी समझी जा रही है। जाति के फैक्टर के साथ जातियों व धर्म रुझान भी बहुत कुछ मायने रखते हैं। कैसरगंज में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिसमें चार पर भाजपा का ही कब्जा है। इन चारों विधायकों की भी अग्नि परीक्षा है साथ में 15 साल तक कैसरगंज की नुमाइंदगी कर चुके बृजभूषण शरण सिंह की पैठ व उनके कद की भी परीक्षा होनी है।

कैसरगंज से तीनों प्रत्याशी पहली बार मैदान में

पहली बार है जब कैसरगंज सीट से लड़ने वाले तीनों दलीय उम्मीदवार पहली बार मैदान में उतरे हैं। कैसरगंज सीट पर भाजपा से करनभूषण पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सपा से भगत राम बहराइच सीट से एक बार चुनाव जरूर लड़ चुके हैं लेकिन कैसरगंज के लिए उनका चेहरा भी पहली बार सामने आया है। इसी तरह नरेंद्र पांडेय बसपा से मैदान में हैं लेकिन वह भी पहली बार ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में तीनों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है सिर्फ पाने की जद्दोजहद करनी है। अंतर सिर्फ इतना है कि करन भूषण के पिता की प्रतिष्ठा कैसरगंज से जुड़ी है।

चुनावी चक्कर

● **डीएम साहब ! भूसा रख लो, चुनाव लड़ने दो :**

बोरी में चिल्लर पैसे भरकर बैंक में जमा करने या कार खरीदने शो-रूम पहुंचने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन इस बार चुनाव के दौरान कुछ ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। बलिया में एक प्रत्याशी जिलाधिकारी कार्यालय में भूसा लेकर पहुंच गया। वहां, उसने कहा कि उसके पास नामांकन के दौरान जमानत राशि जमा करने के लिए रुपए नहीं है, ऐसे में वह भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ना चाहता है। इस बीच इस शख्स को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। जब उसने डीएम रविन्द्र कुमार को पत्र देकर भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ने की बात कही तो वह भी अपनी हंसी न रोक सके। अब यह भी जान लीजिए आखिर यह शख्स है कौन? इनका नाम है नवीन कुमार राय जो बलिया के पटखौली के रहने वाले हैं और काफी समय से सड़क पर टहलने वाले आवारा पशुओं की सेवा करते हैं। सड़क पर घायल पशु दिखाई देते हैं तो तत्काल उनका इलाज करते हैं। उनका कहना है कि इन बेजुबानों की सेवा बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग पशुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसीलिए वह सांसद बनकर पशुओं के लिए भी बनने वाली नीतियों में शामिल होना चाहते हैं। इससे पहले जब नवीन कुमार बलिया डीएम के ऑफिस जा रहे थे तो राहगीरों ने देखा कि उनके सिर पर एक बोरी रखी थी, जिसमें भूसा और अनाज रखा हुआ था। भूसा और अनाज लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने की जब नवीन ने वजह बतायी कि तो वहां मौजूद डीएम समेत सभी हंसने लगे। नवीन कुमार ने बताया कि नामांकन करने और सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में वह अपना अनाज और भूसा बेचना चाहते हैं। बेचकर जो रुपए उन्हें मिलेंगे उनसे वे चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, डीएम रविन्द्र कुमार ने नवीन की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे सलाह दी कि वह भूसा गोवंश आश्रय केंद्र में दान कर दे और अनाज के सदुपयोग पर भी विचार करे।

देवरिया में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने, बसपा ने नहीं खोले पत्ते

मौजूदा सांसद का टिकट काट कर भाजपा ने शशांक मणि को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन के अखिलेश सिंह हैं मैदान में, बसपा ने नहीं घोषित किया प्रत्याशी

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार : देवरिया जिले में भी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य से सटा यह जिला प्रदेश महत्वपूर्ण जिलों में गिना जाता है, इस सीट से राज्य के कई कद्दावर नेता चुनाव लड़ चुके हैं. देवरिया जिले को मार्च 1946 को गोरखपुर से अलग कर बनाया गया था। देवरिया संसदीय सीट को 2 जिलों की सीट को मिलाकर बनाया गया। सवर्ण बाहुल्य इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा 6 बार और भाजपा 4 बार चुनाव जीत चुकी है। इस सीट से सपा और बसपा ने भी जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवरिया संसदीय सीट से रमापति राम त्रिपाठी को जीत मिली थी। भाजपा का यहां पर पिछले 10 साल से कब्जा बना हुआ है। देवरिया से भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के प्रवक्ता और दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं। इस सीट पर शशांक जहां पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। तो वहीं अखिलेश का जनाधार भी काफी मजबूत है। वहीं बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिससे यहां का समीकरण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल सवर्ण बाहुल्य सीट होने के नाते यहां गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी को मैदान में उतारा और उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार जयसवाल को हराया। रमापति राम त्रिपाठी को 580,644 वोट मिले तो विनोद कुमार जयसवाल के खाते में 3,30,713 वोट आए। रमापति ने 2,49,931 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली थी, भाजपा के टिकट पर कलराज मिश्रा ने बसपा के नियाज अहमद को 2,65,386 मतों के अंतर से हराया था, कलराज मिश्रा को चुनाव में 4,96,500 वोट मिले थे।वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार गोरखप्रसाद जयसवाल ने 2,19,889 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी रहे थे, जिन्हें 1,78,110 मतदाताओं का साथ मिल सका था।



शशांक मणि त्रिपाठी।

अखिलेश सिंह।

1984 में आखिरी बार जीती थी कांग्रेस

ये सीट आजादी के बाद से 1984 तक सोशलिस्ट और कांग्रेस का गढ़ बनी रही। कांग्रेस ने यहां 1951 में जीत के साथ शुरुआत की। लेकिन 1990 में राम मंदिर आंदोलन के बाद यहां मंडल और कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई और मुकाबाल सपा-बसपा और भाजपा के बीच सिमट गया। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां से जीती थी, उस समय दिग्गज नेता राज मंगल पांडेय यहां जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे।

जातीय समीकरण

जातिगत समीकरण की बात करें, तो ये सीट सवर्ण बाहुल्य सीट मानी जाती है। इसमें सर्वाधिक संख्या में ब्राह्मण 27 प्रतिशत हैं, अनुसूचित जाति के लोग 14 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 12 , यादव 8 , वैश्य 8 , सैंथवार 6 , कुर्मी 5 , क्षत्रिय 5, कायस्थ 4 , राजभर 4 , निषाद 3 प्रतिशत हैं वहींअन्य 4 प्रतिशत मतदाता हैं।

पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

देवरिया लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पथरदेवा सीट पर सूर्य प्रताप शाही (उप्र. सरकार में कृषि मंत्री), देवरिया सदर सीट पर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट पर सुरेंद्र चौरसिया, तमुकुहीराज सीट पर आसिम कुमार और फाजिलनगर सीट पर सुरेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की।

सपा नेताओं को था पूरा भरोसा

समाजवादी पार्टी ने देवरिया लोकसभा सीट पर लगभग एक साल पहले ही तीन लोगों को प्रभारी बनाया था, जिसमें पूर्व मंत्री और किसान नेता राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की बेटी और पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह और नौकरशाह से नेता बने अशोक सिंह कुशवाहा शामिल थे। तीनों प्रभारियों ने काफी जोर-जोर से अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था। कार्यकर्ताओं को पक्का भरोसा था कि गठबंधन चाहे किसी भी पार्टी से हो, इस बार समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ही यहां से चुनाव लड़ेगा लेकिन कांग्रेस से गठबंधन के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले ने यहां के सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मायूस कर दिया है।यह सीट कांग्रेस के खाते में आ गई।

2019 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	रमापति राम त्रिपाठी	5,80,644
बसपा	विनोद कुमार जयसवाल	3,30,713
कांग्रेस	नियाज अहमद खान	51,056



2014 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कलराज मिश्र	4,96,500
बसपा	नियाज अहमद	2,31,114
सपा	बालेश्वर यादव	1,50,852
कांग्रेस	सभा कुँवर	37,752



2009 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	गोरख प्रसाद जयसवाल	2,19,889
भाजपा	प्रकाश मणि त्रिपाठी	1,78,110
सपा	मोहन सिंह	1,51,389
कांग्रेस	बालेश्वर यादव	91,488



2024 - मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	- 18,62,393
पुरुष	- 9,85,102
महिला	- 8,77,183
अन्य	- 108

2014 नोटा 12,405

2019 नोटा 13,421

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	विश्वनाथ राय/सरजू प्रसाद मिश्र	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम जी वर्मा	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962,67 व 71	विश्वनाथ राय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	उग्रसेन सिंह	जनता पार्टी
1980	रामायण राय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राजमंगल पांडे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	राजमंगल पांडे	जनता दल
1991	मोहन सिंह	जनता दल
1996	प्रकाश मणि त्रिपाठी	भारतीय जनता पार्टी
1998	मोहन सिंह	समाजवादी पार्टी
1999	प्रकाश मणि त्रिपाठी	भारतीय जनता पार्टी
2004	मोहन सिंह	समाजवादी पार्टी

बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं स्वामी प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में चुनाव के आखिरी चरण में बसपा से गठबंधन कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में शनिवार को ऐसी चर्चाएं होती रहीं। सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्गंज सीटें शामिल हैं।

मौर्य अपनी पार्टी के ओर से कुशीनगर सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं। चर्चा है कि इस सीट पर बसपा से समर्थन लेंगे। इस सीट पर भाजपा ने विजय कुमार दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत सपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को टिकट दिया है। बसपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। पूर्व में उन्होंने इंडी गठबंधन को समर्थन दिया था, पर सीटों के बंटवारे में इंडी गठबंधन ने ध्यान नहीं दिया, तो उन्होंने कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी की ओर से खुद को प्रत्याशी घाषित कर दिया। फिलाल स्वामी के मैदान में उतरने पर यहां का मुकाबला रोचक हो गया है।

चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

चुनावी मुद्दा

राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

1.8 करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

19.47 करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



27% लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

30% से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है।

62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35.2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती: केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

विदिशा में शिवराज का सिक्का: मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।

मारेंगे मैदान पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।

हक के लिए उठे हाथ आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

चुनाव डेस्क। झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

खूंटी संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।

अर्जुन मुंडा।

कालीचरण मुंडा।

दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

पुरी की चुनावी कथा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल में दिखी। हालांकि देर रात यहां नये चेहरा घोषित कर दिया। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की। एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व ने देर रात नया चेहरा घोषित भी कर दिया।

अरूप पटनायक।

संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार ने टिकट वापस किया तो कांग्रेस ने नया उम्मीदवार चुना

चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था। अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

समझाया गणित

नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

एक नजर

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवर्ल्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लभगभ 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।

कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

कोलकाता। कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान के नेता शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

पलामू (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है।

नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए। ●

उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।

मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा-राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

ठाणे। महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

इंदौर, एजेंसी

● मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका

कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

मलप्पुरम। केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुयी मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार

अमित शाह फर्जी वीडियो मामला

किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

मंगलुरु। मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरेराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।

रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से की न्याय की मांग

हैदराबाद, एजेंसी

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा।

रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात। ● एजेंसी

● राधिका वेमुला ने तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात

विरोध किया है। हमने उन मुद्दों पर भी चिंता जताई है जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए पड़ोसी आंध्र प्रदेश में गुंटूर के जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं, न कि पुलिस। राजा वेमुला ने उन्होंने कुछ अन्य छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले रद करने की भी मांग की।

पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर की वजह से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी "वास्तविक जाति" के बारे में सबको पता न चल जाए। 'क्लोजर रिपोर्ट' पर रोहित वेमुला की मां और अन्य लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह को देखते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशकरवि गुप्ता पहले ही मामले की विस्तृत जांच की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि संबंधित अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा। पुलिस ने मामले में सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एन. रामचंदर राव समेत आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

फगवाड़ा में हिंसक झड़प नोएडा निवासी छात्र गोली लगने से घायल

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा में शनिवार तड़के लॉ गेट के पास छात्रों के दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान गोलीबारी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का एक छात्र गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्रों को मामूली चोटें आईं और चारों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल नोएडा के सत्यम पंवार (21) को जालंधर अस्पताल रेफर कर दिया गया , जहां तीन छात्रों यश राठी, आदर्श त्रिपाठी और परीक्षित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार पीजी लॉ गेट पर रहने वाला पंवार अपने आवास के पास अन्य लोगों के साथ टहल रहा था तभी दो समूह के छात्रों में झड़प हुई थी।

पक्षियों को बचाने की जद्दोजहद...

जम्मू में स्कूली छात्राओं ने पक्षियों को बचाने के अभियान में भाग लेते हुए पेड़ों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन लटकाए। ● एजेंसी

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-1300
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

नासिक, एजेंसी

केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब

क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा-प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

नई दिल्ली। भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

कोलकाता, एजेंसी

● आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ऋण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,200
गिन्नी (प्रति नग)	54,550-54,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	70,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	81,000
चांदी तैयार	81,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	70,600
सोना जेवरात गिन्नी	69,600
चांदी पक्की	802 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	70,750
चांदी आभूषण	81,000।

टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

आईडीबीआई बैंक का तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ गया शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है।

आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, प्रतिष्ठा क्षति को लेकर चिंता ज्यादा

मुंबई, एजेंसी

कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर

● प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात

सीमित प्रभाव पड़ेगा।

बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।

आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपरजायंट्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	11	17
टी नटराजन (हैदराबाद)	10	15
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	10	14

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	542
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	10	509
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाते हुए मुंबई को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।

सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर

धर्मशाला। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

मुंबई ने दूसरी बार जीता आईएसएल का खिताब

कोलकाता। बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट) के गोल के दम पर बढ़त बना ली। मुंबई के लिए जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मुंबई को बढ़त दिला दी। अतिरिक्त समय में याकूब वोटुस ने एक और गोल करके बागान की हार पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही आईएसएल कप बरकरार रखने और लीग विनर्स शील्ड तथा खिताब एक साथ जीतने का बागान का सपना टूट गया। मुंबई सिटी ने 2020-21 में आईएसएल खिताब जीता था।

खेल डायरी

ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

चेन्नई। तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के शृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली। आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

नई दिल्ली। भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

डुप्लेसी-विराट के तूफान से गुजरात चारों खाने चित

फाफ ने 64 और कोहली ने खेली 42 रनों की तूफानी पारी, 4 विकेट से जीती बेंगलुरु

बेंगलुरु, एजेंसी

घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के बाद विराट कोहली (42) और कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी (64) के बीच 92 रनों की तूफानी साझीदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से धो दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में 144 रन बनाए जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 13.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजय कुमार वैशाख ने घातक गेंदबाजी से गुजरात को सस्ते में समेट कर अपनी टीम की जीत की उम्मीद पहले ही जगा दी थी जबकि विराट और डुप्लेसी ने रनों की बरसात कर इस उम्मीद को हकीकत में तूफानी अंदाज से बदल कर रख दिया।

दोनो बल्लेबाजों ने पहले पॉवर प्ले में बेहद आक्रामक अंदाज से रन बटोरे और देखते ही देखते स्कोरबोर्ड पर 5.5 ओवर में 92 रन चमकने लगे थे और मैदान पर बैठे बेंगलुरु के समर्थकों को लगने लगा था कि जीत दस ओवरों के भीतर ही मिल जाएगी मगर नूर मोहम्मद के हाथों डुप्लेसी का विकेट गिरने के बाद दूसरे छोर पर विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया और अगले पांच विकेट महज 25 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गए। दिनेश कार्तिक (21 नाबाद) और स्वप्निल सिंह (15 नाबाद) ने गुजरात के गेंदबाजों को कोई भाव नहीं दिया और बेंगलुरु को एक आसान जीत दिला दी।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए (61) जोड़े। शाहरुख ने सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	10	8	2	16	+0.622
कोलकाता	10	7	3	14	+1.098
लखनऊ	10	6	4	12	+0.094
हैदराबाद	10	6	4	12	+0.072
चेन्नई	10	5	5	10	+0.627
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
बेंगलुरु	11	4	7	8	-0.049
पंजाब	10	4	6	8	-0.062
गुजरात	11	4	7	8	-1.320
मुंबई	11	3	8	6	-0.356

गुजरात 147/10

19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज	1	7	0/0
शुभमन गिल का विशाक बो सिराज	2	7	0/0
साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन	6	14	0/0
एम शाहरूख खान रन आउट	37	24	5/1
डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा	30	20	3/2
राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल	35	21	5/1
राशिद खान बो दयाल	18	14	2/1
विजय शंकर का सिराज बो विशाक	10	7	2/0
मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक	1	2	0/0
मोहित शर्मा रन आउट	0	1	0/0
नूर अहमद रन आउट	0	0	0/0

गेंदबाजी : स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

बेंगलुरु 152/6

13.4 ओवर, अतिरिक्त : 2

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली कैच साहा बोल्ड नूर	42	27	2/4
डुप्लेसी कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल	64	23	10/3
विल जैक्स कैच शाहरुख बोल्ड नूर	1	3	0/0
रजत पाटीदार कैच मिलर बोल्ड लिटिल	2	3	0/0
ग्लेन मैक्सवेल कैच मिलर बोल्ड लिटिल	4	3	1/0
कैमरन ग्रीन कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल	1	2	0/0
दिनेश कार्तिक नाबाद	21	12	3/0
स्वप्निल सिंह नाबाद	15	9	2/1

गेंदबाजी : मोहित शर्मा 2-0-32-0, जॉश लिटिल 4-0-45-4, मानव सुथर 2-0-26-0, नूर अहमद 4-0-23-2, राशिद खान 1.4-0-25-0

इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज शृंखला जीतने में भी मदद की।

लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी

● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

बॉलीवुड हलचल

वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन

सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग



मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।

जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें

काठमांडू, एजेंसी

शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

हरिद्वार। आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

अमेरिका, हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात : वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।

कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़ा करोड़ रुपये में)

चीन	6,391.64
अमेरिका	4,467.39
बांग्लादेश	2,076.64
यूएई	1,945.98
थाईलैंड	1,498.08
मलेशिया	1,205.60
इंडोनेशिया	1,199.12
ब्रिटेन	932.65
श्रीलंका	868.50
सऊदी अरब	747.89

एक नजर

चीन में तूफान को लेकर रेड अलर्ट

गुआंगजौ। चीन के दक्षिण गुआंग्डोंग प्रांत के झुहाई जिले के तीन इलाकों में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि डौमेन जिले में सुबह आठ बजे तक एक घंटे में करीब 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई। दो अन्य स्थान जियांगझू जिला और झुहाई नेशनल हाई-टेक औद्योगिक विकास क्षेत्र ने भी तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया। यातायात विभाग ने कहा कि शहर के सड़कों पर पानी भर जाने से निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

पूर्वी कांगो में शिविरों पर बमबारी से बच्चों समेत 12 की मौत, 30 घायल

किंशासा। पूर्वी कांगो पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के तीन शिविरों पर किए गए हमलों में बच्चों एवं महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई और अन्य 30 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा, उत्तरी किवु के पूर्वी प्रांत की राजधानी गोमा के लैक वर्ट, लुशगाला और मुगुंगा इलाकों में स्थित तीन आईडीपी केंद्रों पर हमले आश्रयों और अन्य मानवीय संरचनाओं को भी नुकसान पहुंचाया। संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों को मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन बताया और कहा कि इन्हें युद्ध अपराध माना जा सकता है।

पंजाब में सीमा के पास ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद

चंडीगढ़। पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मविक-3 क्लासिक है। वहीं, एक अन्य घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के गांव सांकतरा के पास भी एक खेत में एक पैकेट मिला जिसमें 406 ग्राम हेरोइन थी।

महाराष्ट्र के सांगली में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

सांगलीत। भारतीय सेना के एक हेलीकॉप्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के सांगली जिले के एरंडोली गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर के आपातकालीन लैंडिंग की वजह तकनीकी खराबी बतायी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेना के जवानों को चिकित्सा सामग्री सहित रसद प्रदान करने के लिए नासिक से बेंगलुरु जा रहा था, तभी अचानक से हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने पर उसे खेत में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। हेलकॉप्टर की खराबी को ठीक करने के लिए नासिक से सेना की एक टीम रवाना हुई।

भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। यह दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं।

जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सहायक कानूनी ढांचे, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोगी भागीदारी पर जोर देने की जरूरत है।

चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है।

आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

पाकिस्तान में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ योग

इस्लामाबाद, एजेंसी

वैश्विक सुर्खियां बटोरने के बाद, आध्यात्मिक अभ्यास योग आधिकारिक तौर पर पड़ोसी देश पाकिस्तान में पहुंच गया है। इस्लामाबाद के रखरखाव के लिए जिम्मेदार कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस्लामाबाद मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन ने एफ-9 पार्क में मुफ्त योग कक्षाएं शुरू की हैं। सीडीए ने कहा, स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए कई लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के लिए एक मसौदा प्रस्ताव भारत द्वारा प्रस्तावित किया गया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों द्वारा इसका समर्थन किया।

योग आमतौर पर भारत से जुड़ा हुआ है और पाकिस्तान में योग सिखाने के लिए अधिक औपचारिक संस्थान नहीं हैं। कई निवासियों ने योग कक्षाएं आयोजित करने के कदम की सराहना की है।

शांति की मांग

नई दिल्ली : कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, राज्य में शांति बहाल की जाए। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। ● एजेंसी

अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

- सीबीआई निदेशक बोले- वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात को जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। भारत में सीबीआई को एनसीबी नामित किया गया है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए इंटरपोल और एनसीबी के बीच सहयोग को मजबूत करना रहा। सीबीआई बयान के अनुसार, सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और ऑनलाइन कट्टरपंथ समेत विभिन्न अपराधों से निपटने के लिए बड़ चुनौती।

अमेरिका: फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

वाशिंगटन। फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए।

इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

ताइपे। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।

ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

विज्ञान आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय

नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

अमृत विचार : खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया की एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।

दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।